तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

12 छठवें सेमेस्टर में इंटर्नशिप अनिवार्य, विवि में बनाए...



14 आरपीएफ स्थापना दिवस की तैयारियां अंतिम ...



खबर संक्षेप

ट्रक की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत



रायपुर। तेलीबांधा थाना क्षेत्र में हाईवे पर ट्रक की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। ट्रक की चपेट में आने से घनश्याम साहू (62) की मौत हुई है। बताया जा रहा है, मृतक एक अन्य के साथ एक्टिवा से महावीर नगर की ओर से आ रहे थे। इस दौरान पीडब्ल्यूडी ब्रिज के पास एक्टिवा अनियंत्रित हो गई। गाड़ी के अनियंत्रित होने से एक्टिवा सवार गिर गए। इस दौरान पीछे से आ रहे ट्रक से घनश्याम बुरी तरह से कुचल दिया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

शादी का झांसा देकर महिला से किया रेप

रायपुर। शादी करने का झांसा देकर महिला से रेप करने के आरोपी को गुढ़ियारी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला ने पुलिस को बताया है कि वह अपने पति से अलग अपनी चार साल की बेटी के साथ रहती है। दो वर्ष पूर्व डिगेश्वर महेश्वर उर्फ राजा ने महिला से जान-पहचान बढ़ाकर उसे शादी करने का झांसा देकर 3 जुलाई 2024 को कोटा रोड स्थित मुक्तिधाम में बुलाकर रेप किया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने पतासाजी कर गिरफ्तार किया है।

बस स्टैण्ड से जब्त पनीर में फैट कम और नमी ज्यादा, जांच रिपोर्ट में आया सब स्टैण्डर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड से जब्त किए गए पनीर में निर्धारित मात्रा से फैट कम और नमी यानी मॉइश्चराइजर ज्यादा मिला है। दस दिन पहले पुलिस ने वहां से ढाई सौ किलो पनीर जब्त किया था, जिसका सैंपल लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जांच के लिए भेजा था। राहत की बात यह है कि इस पनीर में एनालॉग तैयार किए जाने वाले कोई भी तत्व नहीं मिले। टिकरापारा पुलिस ने 27 सितंबर की रात भाठागांव बस स्टैण्ड से संदेह के आधार पर ढाई सौ किलो पनीर जब्त किया था। सूचना पर दूसरे दिन सुबह वहां पहुंचे खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने अमृतमय, पैक्ड मस्ती और लूज पनीर के तीन सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला था कि उक्त पनीर सिमगा की कंपनी शिव शक्ति मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट में तैयार हुआ था और उसे बस के जरिए जगदलपुर तथा ओडिशा भेजा जा रहा था। दस दिन इंतजार के बाद पनीर की रिपोर्ट आ चुकी है, जिसमें फैट और नमी की मात्रा में अंतर मिला है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, पनीर में फैट की मात्रा 50 प्रतिशत होनी चाहिए। जांच रिपोर्ट में एक सैंपल में इसकी मात्रा 46.77, दूसरे में 38.33 तथा तीसरे में 2.52 पाई गई है, यानी पनीर बनाने उपयोगी मिल्क से मलाई ज्यादा मात्रा में निकाल ली गई थी। इसी तरह पनीर में नमी की मात्रा का मानक 60 प्रतिशत है, जांच रिपोर्ट में पहले सैंपल में नमी की मात्रा 64.55, दूसरे में 64.25 तथा तीसरे में 67 प्रतिशत पाया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, सैंपल में वनस्पति घी या एनालॉग में उपयोग किए जाने वाले कोई भी तत्व नहीं मिले हैं।

दस दिन पहले अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड से लिया गया था सैंपल, भेज रहे थे जगदलपुर

अलग खबर

मिलेगा दूसरी अपील का मौका

राज्य के अधिकृत लैब में पनीर के अमानक मिलने के बाद संबंधित कारोबारी को अपील का दूसरा मौका दिया जाएगा। इसके लिए आवेदन और निर्धारित शुल्क के आधार पर सैंपल का दूसरा हिस्सा टेस्टिंग के लिए अधिकृत अन्य लैब में भेजा जाएगा। अगर कारोबारी पहली रिपोर्ट को चुनौती नहीं देता है तो मौजूदा रिपोर्ट के आधार पर सक्षम न्यायालय में प्रकरण पेश किया जाएगा।

बस स्टैण्ड पर आधी रात पुलिस ने पकड़ा ढाई सौ किलो पनीर, एफडीए ने लिया सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंटरस्टेट बस टर्मिनल में आधी रात पुलिस ने ढाई सौ किलो पनीर पकड़ा। सुबह सूचना पर पहुंचे खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने पनीर जब्त कर जांच के लिए सैंपल लिया। सिमगा के अमृतमय प्रायवेट लिमिटेड में बना यह पनीर जगदलपुर और ओडिशा भेजा जा रहा था। बीती रात टिकरापारा पुलिस ने बस में लोड किए जा रहे पनीर को संदेह के आधार पर पकड़ा था। सुबह खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम जांच के लिए वहां पहुंची और पांच पैटियों में रखे करीबन ढाई सौ किलो पनीर को जब्त किया और संदेह के आधार पर लूज पनीर, अमृतमय और पैक्ड मस्ती मलाई पनीर के तीन अलग-अलग सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा। रायपुर जिले के अभिहित अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश राज सहित अन्य कर्मचारी कार्रवाई में शामिल थे। ⏭शेष पेज 13 पर



■ शिमगा की फैक्ट्री में बना था, जगदलपुर और ओडिशा भेजा जा रहा था

एक फैक्ट्री का हुआ था लायसेंस निलंबित

पहले किया पहले खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने सिमगा की एक फैक्ट्री का लायसेंस निलंबित किया था। वजनी से ज्यादा पनीर की लोड के ज्यादा पकड़ा जाना था। जांच के दौरान उसके अमानक होने का पता चला था। राज्य ने एनालॉग को प्रतिबंधित किया जा चुका है और इसके विक्रय के संबंध में पूरी तरह प्रतिबंधित है। एफडीए की टीम इसकी जांच और कार्रवाई पर तैनाती के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है।

नियमों के मुताबिक कार्रवाई

पनीर के सैंपल में निर्धारित मात्रा से फैट की मात्रा कम और मॉइश्चराइजर अधिक पाया गया है। मामले में खाद्य सुरक्षा अधिनियम 46 (4) के तहत कार्रवाई की जा रही है।

- विनोद कुमार गुप्ता
अभिहित अधिकारी
एफडीए रायपुर

हुक्का और फायर शो पर भी रोक, फायर एंड सेफ्टी के नए नियम, इमरजेंसी लाइट 5 सेकंड में चालू करने का प्रावधान

रूफटॉप रेस्तरां की छत पर सिलेंडर, कोयले और खुली आग से खाना बनाने पर बैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने आगजनी के हादसों से लोगों को सुरक्षित बचाने के लिए फायर एंड सेफ्टी के प्रावधान बनाए हैं। इसके तहत अब रूफटॉप रेस्टोरेंट की छत पर बने किचन में एलपीजी सिलेंडर से खाना बनाने पर रोक लगा दी गई है। यहां कोयले से और खुली आग पर भी खाना नहीं बना सकते और न हुक्का पिला सकते, फायर शो पर भी रोक लगा दी गई है। आग लगने पर स्कूलों से बच्चों को और अस्पतालों से मरीजों को सुरक्षित निकालने के भी नियम बनाए गए हैं। राज्य सरकार के गृह विभाग ने छत्तीसगढ़ फायर एंड लाइफ सेफ्टी प्रोविजन्स-2026 बनाया है। इन नियमों का आम लोगों से सीधा संबंध है। अस्पताल, स्कूल, होटल, रेस्तरां, शॉपिंग मॉल, ⏭शेष पेज 13 पर

■ आग लगने पर स्कूल से बच्चों और अस्पताल से मरीज निकालने की व्यवस्था जरूरी



15 मीटर या उससे ऊंची इमारतों में विशेष इंतजाम

15 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली इमारतों को अग्नि सुरक्षा के लिहाज से विशेष ध्यान देने योग्य माना गया है। इनमें भवन की योजना, निर्माण, उपकरणों के रखरखाव और कर्मचारियों के प्रशिक्षण तक सुरक्षा व्यवस्था लागू करने पर जोर है। नियमों के अनुसार, आवासीय भवनों और टावरों, शैक्षणिक भवनों तथा कई अन्य श्रेणियों की इमारतों में निर्धारित परिस्थितियों के अनुसार फायर फाइटिंग शाफ्ट की व्यवस्था करनी होगी। इससे दमकलकर्मियों को आग लगने वाली मंजिल तक पहुंचने और बचाव कार्य करने में मदद मिलेगी। 24 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली इमारतों में सुरक्षित ठहराव के लिए रिफ्यूज एरिया का प्रावधान भी है। इसका उद्देश्य उन लोगों को अस्थायी सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराना है, जिन्हें तुरंत नीचे पहुंचाना संभव न हो।

रूफटॉप रेस्तरां में सिलेंडर और खुली आग से खाना पकाने पर रोक

नए प्रावधानों में रूफटॉप रेस्तरां को अलग श्रेणी में रखा गया है। ऐसे रेस्तरां के लिए अग्निशमन विभाग से फायर एनओसी और आपातकालीन निकासी के पर्याप्त रास्ते जरूरी हैं। प्रवेश और निकास की जानकारी, अधिकतम ग्राहकों की क्षमता तथा आपातकालीन सेवाओं के संपर्क नंबर भी भूतल और रेस्तरां ⏭शेष पेज 13 पर

अस्पतालों में मरीजों को सुरक्षित निकालने की व्यवस्था

अस्पतालों में आग लगने पर सबसे बड़ी चुनौती उन मरीजों को बचाने की होती है, जो खुद चलकर बाहर नहीं जा सकते। नए प्रावधानों में अस्पतालों की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं निर्धारित की गई हैं। गंभीर मरीजों को आग और धुएं से सुरक्षित रखने के लिए ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू और रिकवरी रूम जैसे क्षेत्रों को आसपास के हिस्सों से कम से कम 120 मिनट की अग्नि-प्रतिरोधक व्यवस्था से अलग रखने का ⏭शेष पेज 13 पर

बिजली गुल होने पर पांच सेकंड में इमरजेंसी लाइट

आग लगने पर बिजली बंद होने से सीढ़ियों और गलियारों में अंधेरा हो सकता है। इससे लोगों को निकास का रास्ता ढूंढने में परेशानी होती है और भगदड़ का जोखिम बढ़ता है। नए नियमों के अनुसार, सामान्य बिजली आपूर्ति बंद होने के पांच सेकंड के भीतर आपातकालीन रोशनी चालू होनी चाहिए। यह रोशनी कम से कम 90 मिनट तक निर्धारित स्तर बनाए रखने में सक्षम होनी चाहिए। निकास के संकेत हरे रंग के होने चाहिए और रास्ते में दिशा बदलने वाले स्थानों पर भी संकेत उपलब्ध होने चाहिए।

स्पेशल परीक्षा की डेटशीट जारी, 12 अक्टूबर से मिलेंगे एडमिट कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीबीएसई ने पश्चिमी एशिया में रहने वाले 12वीं के छात्रों के लिए स्पेशल परीक्षा 2026 की डेट शीट जारी कर दी। बोर्ड की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार परीक्षाएं 23 अक्टूबर से शुरू होकर 28 अक्टूबर तक चलेगी। सीबीएसई ने पश्चिमी एशिया में रहने वाले 12वीं के छात्रों के लिए स्पेशल परीक्षा 2026 की डेट शीट जारी कर दी है। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए आयोजित की जा रही है जो पश्चिम एशिया में बने तनावपूर्ण हालात के कारण मार्च और अप्रैल में निर्धारित परीक्षा में शामिल नहीं हो सके थे। बोर्ड की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार परीक्षाएं 23 अक्टूबर से शुरू होकर 28 अक्टूबर तक चलेगी।

■ 23 से 28 अक्टूबर तक चलेंगी परीक्षाएं

अधिकतर परीक्षाएं 2 घंटे की

परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र 12 अक्टूबर से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें उसी लॉगिन अकाउंट का इस्तेमाल करना होगा, जिससे उन्होंने स्पेशल परीक्षा के लिए अपनी जानकारी जमा की थी। वहीं सीबीएसई ने प्रभावित छात्रों की ओर से दी गई ⏭शेष पेज 13 पर



मुरुम माफियाओं के हौसले बुलंद, नहीं थमे बुलडोजर, विभाग का अभयदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

खोखले तंत्र और सरकारी शह की इससे बड़ी मिसाल क्या होगी कि विधायक का फरमान, जिला खनिज न्यास संस्थान (डीएमएफ)सदस्य की चेतावनी और जन-आक्रोश के बाद भी सब कुछ मुरम माफिया की धमक के आगे बौना साबित हो चुका है। धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में पिछले कई दिनों से चल रहा अवैध मुरम खनन का खेल अब महज़ एक कानून-व्यवस्था का मामला नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन के मुंह पर करारा चुनौती बन गया है। अखबार में खबर छपने और चारों तरफ से फजीहत होने के बावजूद खनिज विभाग की रहस्यमयी चुप्पी इस बात का साफ इशारा दे रही है कि अवैध खनन का यह 'काला बाजार' सरकारी सरपरस्ती में ही फल-फूल रहा है।

विधानसभा क्षेत्र की शासकीय जमीनों, सुरक्षित स्थलों, चरागाहों और यहां तक कि 'जल जीवन मिशन' जैसी महत्वाकांक्षी सरकारी योजनाओं के लिए चिन्हित जमीनों की छाती चीरकर हर रोज सैकड़ों ट्रिप मुरम निकाली जा रही है। इलाके में हर सुबह बुलडोजरों और पोकलैंड मशीनों की गड़गड़ाहट के साथ सरकारी खजाने में बड़ी चपत लगाने का सिलसिला शुरू हो जाता है। नियमों और कायदों को दरकिनार कर माफिया इतनी बेखौफ तरीके से खुदाई कर रहे हैं मानो धरसींवा की जमीन पर राज्य सरकार का नहीं, बल्कि उनका खुद का अलग संविधान चलता हो।

खास बातें

- विधायक के आदेश और ड़ी एम एफ सदस्य के इस्तीफे की चेतावनी के बाद भी गोरखधंधा जारी
- शासकीय जमीनों और जल जीवन मिशन के स्थलों पर बुलडोजर, खनिज विभाग की चुप्पी पर उठे सवाल

अवैध खनन पर ग्रामीणों में आक्रोश, जन-आंदोलन की आहट

जनप्रतिनिधियों के इस अल्टीमेटम के बाद भी खनिज महकमे की चुप्पी ग्रामीणों का गुस्सा और भड़का रही है। इलाके के ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है, क्योंकि अंधाधुंध खुदाई के कारण न केवल पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि भविष्य की सरकारी योजनाओं पर भी ग्रहण लग रहा है। जब जिला कलेक्टर, विधायक और जिला खनिज न्यास सदस्य तक की शिकायतों पर बुलडोजर का पहिया नहीं थम रहा, तो सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि आखिर धरसींवा को माफिया के हवाले किसने किया है? क्या खनिज महकमा किसी बड़े हादसे या उग्र जन-आंदोलन का इंतजार कर रहा है?



डीएमएफ सदस्य विद्याभूषण वर्मा ने दी इस्तीफे की चेतावनी

हैरानी की बात यह है कि क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों और जिम्मेदार प्रशासनिक पदों पर बैठे लोगों के सख्त रुख के बाद भी खनिज अमले के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च स्तरीय जांच के साफ निर्देश दिए थे। इसके बावजूद जिला खनिज विभाग की टीम ने अब तक मौके पर जाकर झांकना तक मुनासिब नहीं समझा। तंत्र की इस बेरुखी और सांठ-गांठ से आहत होकर खनिज न्यास (डीएमएफ) सदस्य विद्याभूषण वर्मा को सार्वजनिक रूप से कहना पड़ा कि या तो खनिज विभाग जागकर इस विनाशकारी खनन पर तत्काल कड़ी कार्रवाई करे, अन्यथा उनका इस्तीफा स्वीकार करे।

खबर संक्षेप

शराब दुकान में अभद्रता से मदिरा प्रेमी परेशान

सिलतरा। औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अंग्रेजी व देशी शराब दुकान पर इन दिनों भीड़ का फायदा उठाकर पाकेटमारी और दादागिरी करने वाले से मंदिराप्रेमी परेशान हैं वहीं इस स्थिति को देखते हुए शराब दुकान के सेल्समैन परेशान हैं वहीं आपको बता दें कि कुछ दिन पहले सिलतरा शराब दुकान पर कुछ लोग सेल्समैन को परेशान कर रहे थे साथ ही साथ शराब खरीदने वालों को भी जिससे सेल्समैन द्वारा मना करने पर अभद्र टिप्पणी करने लगे वहीं शराब दुकान पर घुसकर सेल्समैन को मारने कालर पकड़ लिया जिससे सेल्समैन ने बाकी लोगो को साथ मिलकर ऐसे लोग पर मिलकर पिटाई कर दिया विडियो वायरल है फिर भी लगातार लुटपाट और पाकेटमारी करने वाले लोगों की अभी भी यथास्थिति बनी हुई है।

किशोरी छात्राओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन

कूंरा। जायसवाल नेको इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के अंतर्गत कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एस के स्वेन के मार्गदर्शन एवं मानव संसाधन विभाग के अध्यक्ष आलोक पांडे के निर्देशन में आज संयंत्र परिधीय क्षेत्र शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, परसतराई में किशोरी छात्राओं के लिए एक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में व्यक्तिगत स्वच्छता, साफ-सफाई और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना, साथ ही उनके आत्मविश्वास और मनोबल को सशक्त बनाना था। इस अवसर पर बोर्निंयो मदर एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल, रायपुर की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नवमिता माजी ने छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक बदलाव, व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी और छात्राओं के साथ संवादात्मक चर्चा की।
विद्यालय के प्राचार्य सृष्टि सिवान एवं शिक्षकों ने जायसवाल नेको इंडस्ट्रीज लिमिटेड की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की और समुदाय कल्याण एवं युवा छात्राओं के हित के प्रति कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त किया।

जरौदा में गरमाई राजनीति, जनसुनवाई के दौरान दिखा समर्थन और विरोध का माहौल

सिलयारी। ग्राम स्थित जरौदा में नुतन इस्पात प्राईवेट लिमिटेड में विस्तार हेतु जनसुनवाई में भारी संख्या में ग्रामीण जनप्रतिनिधियों द्वारा इस सुनवाई का हिस्सा बने वहीं प्रदेश के संगठन व पार्टी भी पहुंचे थे साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण मंडल अधिकारी तहसीलदार, एडीएम, पुलिस प्रशासन के अधिकारी पहुंचे हुए थे।
जनसुनवाई में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि आसपास गांवों के सरपंच बड़ी संख्या में जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों ने समर्थन दिया। वहीं गांव के कुछ लोगों ने एवं क्रांतिसेना ने विरोध में अपना समर्थन दिया। अब समर्थन और विरोध की बकायदा विडियो ग्राफी किया गया। जिसके अनुसार पर्यावरण संरक्षण मंडल अधिकारी द्वारा आगे की प्रक्रिया पर मुहर लगाई जाएगी लेकिन स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में जनपद सदस्य और समर्थन पर सवालिया निशान लगा दिया आखिरकार लगातार हर क्षेत्र के जनसुनवाई में सभी अपने लेटरहेड सहित समर्थन देने पहुंच जाते हैं जबकि इस पर निर्णय ग्रामीण, एवं गांव के जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने विचार व्यक्त किए जाने चाहिए।

अपराध : आरोपियों का अभी तक नहीं सुराग

बिरबिरा हत्याकांड में खुला नया पेंच गहने और जमीन के दस्तावेज गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

महानदी मुख्य नहर किनारे स्थित आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम बिरबिरा में बुजुर्ग साहू दंपती की नृशंस हत्या के मामले में अब गहने, नकदी और जमीन के दस्तावेज गायब होने की जानकारी सामने आई है। पोस्टमार्टम के बाद मृतक सदासी राम साहू (65) और उनकी पत्नी आसबती साहू (62) का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों और रिश्तेदारों ने शामिल होकर नम आंखों से दंपती को अंतिम विदाई दी। वहीं, वारदात के बाद घर से कीमती सामान और महत्वपूर्ण कागजात गायब होने की जानकारी ने मामले को और गंभीर बना दिया है। परिजनों के अनुसार, अज्ञात आरोपी मृतका के पैर, कमर, हाथ और कान में पहने जाने वाले गहनों के अलावा करीब 30 से 35 हजार रुपये नकद तथा खेतों की ऋण पुस्तिका सहित अन्य दस्तावेज भी ले गए हैं।



बिरबिरा हत्याकांड की निंदा पुलिस से कार्रवाई की मांग

आरंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिरबिरा में हुई वृद्ध साहू दंपत्ति की बेरहमी से हत्या की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य हत्याकांड पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए रायपुर जिला ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष हिरामन साहू (लखौली) ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है और पुलिस प्रशासन से हत्यारों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजने की पुरजोर मांग की है। हिरामन साहू ने घटना पर गहरा दुख और तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम बिरबिरा में घटित यह घटना केवल एक अपराध नहीं, बल्कि इंसानियत को शर्मसार करने वाली अत्यंत दुखद और बर्बर वारदात है।

तेज दुर्गंध आने लगी रहस्य खुला

ग्रामीणों के अनुसार, 7 अक्टूबर को दिनभर दंपती गांव में किसी को दिखाई नहीं दिए थे। ऐसे में आशंका है कि वारदात 6 अक्टूबर की रात हुई होगी। बताया जाता है कि मृतका आसबती ने कुछ समय पहले पड़ोसी के खेत में मजदूरी की थी। मजदूरी की रकम देने जब पड़ोसी उनके घर पहुंचा तो भीतर से तेज दुर्गंध आने लगी। इसके बाद ग्रामीणों को सूचना दी गई और अनहोनी की आशंका पर आरंग पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने घर के अलग-अलग कमरों से दोनों के शव बरामद किए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा रायपुर से फॉरेंसिक विशेषज्ञों और डॉग स्क्वायड की मदद ली। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। गहनों, नकदी और जमीन के दस्तावेजों के गायब होने की जानकारी से लूटपाट की आशंका की भी जांच महत्वपूर्ण हो गई है। फिलहाल अज्ञात आरोपियों की पहचान और हत्या के कारणों का खुलासा होना बाकी है। गांव में इस दोहरे हत्याकांड को लेकर शोक और चिंता का माहौल बना हुआ है।

रकम अलमारी में रखी थी

मृतक दंपती के भांजे एवं ग्राम कुकरा निवासी दीनदयाल साहू ने बताया कि उनकी मामी (आसबती साहू) के हाथ में पहनने वाली चांदी की ऐंठी पिछले दीपावली में करीब एक लाख रुपये में बनवाई गई थी। कुछ दिन पहले ही मृतक ने बैंक से 50 हजार रुपये निकाले थे, जिसकी सूचना मोबाइल संदेश के माध्यम से उनके बड़े बेटे को मिली थी। दीनदयाल के मुताबिक, निकाली गई राशि में से करीब 25 से 30 हजार रुपये मजदूरों को भुगतान करने में खर्च किए गए थे। शेष रकम घर में बनी अलमारी में रखी गई थी। घर में रुपये और सामान रखने के लिए गोदरेज की अलमारी भी नहीं थी। ऐसे में घर में रखी नकदी और गहनों के गायब होने से वारदात में लूटपाट की आशंका भी गहरा गई है। हालांकि, हत्या के पीछे वास्तविक कारण क्या था और सामान कौन ले गया, इसका खुलासा पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा।

आंबा केंद्रों में घटिया दलिया वितरण की होगी जांच, सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

जनपद पंचायत आरंग की सामान्य सभा की बैठक 08 अक्टूबर को जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जनपद उपाध्यक्ष रविन्द्र रिंकू चंद्राकर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) राजेंद्र पांडे सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जनपद सदस्यों ने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और विभागीय अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के कड़े निर्देश दिए।

- जनपद सभा में शिक्षा, स्वास्थ्य और शराब के मुद्दे उठे

बैठक में पीएचई, कृषि, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, शिक्षा, आबकारी और विद्युत विभाग के अधिकारियों ने अपनी विभागीय योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी सदन के पटल पर रखी। सदन में चर्चा के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान जनपद सदस्यों ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बांटे जा रहे निम्न स्तर के दलिया वितरण का मुद्दा उठाया। इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए जांच प्रतिवेदन (रिपोर्ट) प्रस्तुत करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

राखी पीएचसी में अनियमितताएं

स्वास्थ्य विभाग की चर्चा में भाग लेते हुए सदस्यों ने ग्राम राखी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में व्याप्त अनियमितताओं की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया और व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान सदस्यों ने निर्देश दिए कि स्कूली बच्चों को बिना किसी देरी के तत्काल पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं। ग्राम कोटराभांठा स्कूल में चल रही अनियमितताओं में तत्काल सुधार करने को कहा गया।
साथ ही, एक बड़ा फैसला लेते हुए वर्तमान में पदस्थ संकुल समन्वयकों को हटाकर उनके स्थान पर नवीन व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए। क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री को लेकर सदस्यों ने सख्त रुख अपनाया। बैठक में मौजूद आबकारी विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से लगाम लगाएं। बैठक में सभी संबंधित विभागों को दिए गए निर्देशों पर त्वरित अमल करने और अगली बैठक में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गई है।

टेकारी के श्मशानघाट में युवती और युवकों के जमावड़े से आक्रोश, पंचायत सौंपेगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम टेकारी में कुछ असामाजिक तत्वों की गतिविधियों से ग्रामीणों में आक्रोश है। इनके खिलाफ समय-समय पर की जाने वाली पुलिसिया कार्रवाई का कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है।

बीते गुरुवार को शाम ढले ग्राम के श्मशानघाट में स्थानीय तीन असामाजिक तत्व एक युवती व 8-10 युवकों के साथ इकट्ठा थे। सूचना मिलने पर ग्रामीणों को एकत्रित होते देख कुछ युवक कार में बैठकर तो कुछ पैदल भाग निकले। पुलिस रिकॉर्डधारी प्रेम उर्फ अगेश्वर युवती को दोपहिया वाहन में बिठाकर भाग निकला। इसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश है और इसकी सूचना थाना प्रभारी आशीष यादव को दे दी गई है। ज्ञातव्य हो कि कुछ समय पहले ही स्थानीय एक असामाजिक तत्व की चुनौती स्वीकार कर गोढ़ी के असामाजिक तत्वों का गुट रात के समय टेकारी पहुंचा था और दोनों गुटों के बीच तलवारबाजी हुई थी।

अनहोनी की आशंका, पुलिस की कठोर कार्रवाई जरूरी

थाने में गोढ़ी गुट के तत्वों के खिलाफ प्राणघातक हमला का मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की गई थी। टेकारी के असामाजिक तत्वों को कथित रूप से पिपरहट्टा गुट में शामिल बताया जाता है। बीते गुरुवार को ग्राम के श्मशानघाट में लगी तार की चारदीवारी को अनधिकृत रूप से खोलकर एक युवती के साथ कुछ युवकों के इकट्ठा होने तथा एक सफेद कार भीतर खड़ी होने की जानकारी ग्राम प्रमुखों को मिली। इसकी पुष्टि करने ग्रामीण सभा अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा, पूर्व ग्रामीण सभा अध्यक्ष हुलास राम वर्मा और पूर्व सरपंच नंद कुमार यादव श्मशानघाट पहुंचे। पुष्टि के बाद घेराबंदी के लिए ग्रामीणों को बुलाने की तैयारी के बीच भनक लगने पर कुछ युवक कार में बैठकर भाग निकले, जबकि कुछ पैदल ही फरार हो गए। इस जमावड़े में टेकारी के तीन असामाजिक तत्वों के मौजूद रहने की जानकारी के साथ ही पूरे घटनाक्रम की सूचना किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने गुरुवार शाम ही थाना प्रभारी को दे दी। इसके बाद से पुलिस की दबिश जारी है, लेकिन स्थानीय रूप से लिप्त बताए जा रहे असामाजिक तत्व फरार हैं। इधर, पूरे मामले की जानकारी ग्राम पंचायत को भी दे दी गई है। पंचायत द्वारा ग्राम में असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने और लिप्त तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपने की तैयारी है। साथ ही ग्रामीण सभा की बैठक बुलाकर इन तत्वों के खिलाफ सीधी कार्रवाई की योजना बनाने की मांग की जा रही है।



पितरों की स्मृति में कराया न्योता भोज

आरंग। स्थानीय सोनू पुस्तक भंडार के संचालक बृजेश कुमार अग्रवाल एवं ग्रीष्मा अग्रवाल ने पितरों की स्मृति में अपने पंचवटी परिवार द्वारा प्रदत्त शा. भागीरथी लाल अग्रवाल पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सभी बच्चों को शासन द्वारा निर्धारित अभिनव पोषक आहार योजना के अंतर्गत न्योता भोज कराया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी हंसवाहिनी, वीणावादिनी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। अतिथियों का सम्मान बच्चों द्वारा गुलाल लगाकर किया गया। न्योता भोज में अंकुरित चना, मूंग, फल्लीदाना, भुजिया सेव, खीर, पुड़ी, बड़ा, केला एवं भारतीय मिठाइयों के राजा स्वादिष्ट जलेबी का भोजन सभी बच्चों एवं उपस्थित अतिथियों ने किया। इस कार्यक्रम को गरिमामय रूप में संचालित करने के लिए शाला विकास समिति के अध्यक्ष नरसिंग बंजारे, पार्षद संतोष लोधी, प्रधानपाठिका सरिता वर्मा, प्रधान पाठक लालसाहीबो सिंह, कैलाश पटेल, सविता चंद्राकर, धर्मेन्द्र दीवान, पुरुषोत्तम साहू, गुलाब चंद्राकर, पुष्पा दीदी, मदन धृतलहरे, राजकुमारी शर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

सीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण, बच्चों से संवाद कर पठन-पाठन स्तर को परखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

शुक्रवार को शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला गुखेरा में जनपद पंचायत के वरिष्ठ अधिकारियों ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जनपद सीईओ राजेंद्र पांडे, एसडीओ (आरईएस) हरीश साहू एवं पीओ वीबी, अनिल चंद्राकर ने विद्यालय परिसर में चल रहे विकास कार्यों, शैक्षणिक गतिविधियों और मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की। अधिकारियों ने स्कूल में निर्माणाधीन उत्कृष्ट बालिका शौचालय, अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य तथा पुराने भवन की मौजूदा स्थिति का विस्तृत मुआयना किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखते हुए काम में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को जल्द से जल्द बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। इसके साथ ही टीम ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, निर्धारित मीनू और बच्चों की दैनिक उपस्थिति का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जनपद सीईओ राजेंद्र पांडे ने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से सीधे संवाद किया और उनसे सवाल पूछकर उनके लर्निंग स्तर को परखा। उन्होंने शिक्षकों से चर्चा करते हुए बच्चों में पठन-पाठन के साथ-साथ रचनात्मक लेखन कौशल को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया, जिससे छात्रों की अभिव्यक्ति और बौद्धिक क्षमता का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर सरपंच रेवती पुरुषोत्तम सोनवानी ने आश्वासन दिया कि बालिका शौचालय का काम समय पर पूरा हो जाएगा तथा प्रधान पाठक गण अरविंद वैष्णव एवं के. के. साहू, शिक्षक रामनारायण कन्नौजे, नोहर लाल यादव, घनश्याम साहू, विमला चौहान तथा मध्यान्ह भोजन संचालन स्व-सहायता समूह के सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



तालाब केवल पानी का स्रोत नहीं, हमारी संस्कृति, आस्था और सामाजिक समरसता की जीवनरेखा : विधायक

तुलसी में 50 लाख की लागत से तालाब सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कूंरा/मंदिर हसौद

धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के विकास की कड़ी में आज एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। क्षेत्र के ग्राम तुलसी (बाराडेरा) स्थित मुख्य तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण से स्वीकृत 50 लाख की लागत से इस तालाब का कायाकल्प किया जाएगा। इस गरिमय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और विधायक अनुज शर्मा ने मुख्य तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए विधिवत पूजा-अर्चन कर आधारशिला रखी। इस विकास



कार्य की शुरुआत होने पर पूरे गांव में उत्सव का माहौल देखा गया। ग्रामीणों ने अतिथियों का फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और शानदार आतिशबाजी के साथ गर्मजोशी से ऐतिहासिक स्वागत किया।

प्राचीन धरोहरों का पुनरुद्धार सरकार का संकल्प : मंत्री खुशवंत साहेब : इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत ने कहा, हमारी सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी विकास के साथ-साथ हमारी प्राचीन धरोहरों का पुनरुद्धार किया जाए। आज इस भूमिपूजन के साथ ही तुलसी-बाराडेरा के मुख्य तालाब को एक सुंदर, स्वच्छ और आधुनिक जन-सुविधाओं से युक्त परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा।

उन्होंने विधायक की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा, हमारे ऊर्जावान विधायक अनुज शर्मा जिस तत्परता और आत्मीयता से धरसींवा के कोने-कोने के विकास के लिए दिन-रात प्रयासरत हैं, वह प्रशंसनीय है।

गुणवत्ता और समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के कड़े निर्देश

विधायक ने मंच से अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि 50 लाख की इस स्वीकृत राशि से होने वाला यह निर्माण कार्य पूरी तरह गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए और इसे तय समय-सीमा के भीतर ही पूरा किया जाए।
गांव में खुशी का माहौल : तालाब के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य की बड़ी सौगात मिलने से ग्राम तुलसी और बाराडेरा के निवासियों में अपार उत्साह और हर्ष का माहौल है। इस ऐतिहासिक अवसर पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक अनुज शर्मा, दिनेश खूटे, सुनील शर्मा, राजेंद्र विश्वकर्मा , डेमन धीवर,मयंक यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक, प्रबुद्ध जन, माताएं-बहनें, बड़ी संख्या में ग्रामवासी और सजग कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वच्छता केवल सरकार की नहीं, हर नागरिक की जिम्मेदारी : विधायक इंद्र



अभनपुर। अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू ने एशियन न्यूज के विशेष डिबेट शो में स्वच्छ भारत मिशन, शौचालय निर्माण और स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। जनभागीदारी से ही स्वच्छ भारत का सपना साकार हो सकता है।

विधायक साहू ने कहा कि हर घर में शौचालय का निर्माण और उसका नियमित उपयोग महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ा है। केवल शौचालय बनाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसका उपयोग और साफ-सफाई बनाए रखना भी जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपने घर, आसपास और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाकर ही गांवों और शहरों को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाया जा सकता है।

छठवें सेमेस्टर में इंटर्नशिप अनिवार्य, विवि में बनाए जाएंगे नोडल अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सुचारू, सुदृढ़ और प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शासन स्तर पर प्रशासनिक एवं अकादमिक कसरत तेज हो गई है। राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में इसे बिना किसी व्यावहारिक बाधा के लागू करने और पिछले दो वर्षों के अनुभवों के आधार पर आई चुनौतियों को दूर करने के उद्देश्य से मंत्रालय में एक उच्चस्तरीय अंतर-विभागीय समीक्षा सह ट्रांसफॉर्म समिति की पहली महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

छठवें सेमेस्टर में लागू अनिवार्य इंटर्नशिप व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए अभी से प्रारंभिक तैयारियां शुरू करने तथा विभिन्न उद्योगों व व्यावसायिक संस्थानों के साथ समय रहते समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। बैठक में उच्च शिक्षा विभाग सचिव अविनाश चंपावत, रीता यादव सहित प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति तथा समिति के अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, एनईपी का मूल ध्येय केवल डिग्री बांटना नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ युवाओं को सीधे रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए उन्होंने उद्योगपतियों, औद्योगिक घरानों और कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के माध्यम से विद्यार्थियों को सीधे जोड़ने और उद्योग-अकादमिक समन्वय को मजबूत करने का निर्देश दिया।

- विश्वविद्यालयों में बनेंगे 'एनईपी सेल', संभाग व जिला स्तर पर होंगी कार्यशालाएं
- व्यावहारिक चुनौतियों और क्रेडिट सिस्टम से जुड़े भ्रम दूर करने बनेगी रणनीति



भारतीय ज्ञान परंपरा होगी अनिवार्य

विद्यार्थियों के अध्ययन और परीक्षा की प्रक्रिया को सहज बनाने के लिए बैठक में कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक सुधारों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जनरल इलेक्टिव विषयों के पाठ्यक्रम और प्रश्नपत्रों को अधिक सरल, व्यावहारिक और लचीला बनाया जाएगा, ताकि विषय चयन और परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा या मानसिक दबाव न झेलना पड़े। पाठ्यक्रमों में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और वैज्ञानिक विरासत यानी 'भारतीय ज्ञान परंपरा' को प्रमुखता और अनिवार्य रूप से शामिल करने के निर्देश दिए गए। पिछले दो वर्षों में एनईपी के क्रियान्वयन के दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों के सामने आई व्यावहारिक चुनौतियों, क्रेडिट सिस्टम एवं विषय चयन से जुड़े भ्रम पर गहराई से मंथन किया गया। इस भ्रम और कठिनाइयों को दूर करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

विद्यार्थी बनेंगे ब्रांड एंबेसडर

प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण, जमीनी निगरानी और त्वरित सूचना प्रसार को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सरकार ने एक नया ढांचा तैयार करने का निर्णय लिया गया। प्रदेश के प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक समर्पित नोडल अधिकारी तथा दो विद्यार्थी ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किए जाएंगे। ये अधिकारी और एंबेसडर शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के बीच समन्वय स्थापित कर जागरूकता फैलाने और मॉनिटरिंग का काम करेंगे। विद्यार्थियों को नीति से संबंधित आ रही शंकाओं, विषय चयन की समस्याओं और अन्य प्रशासनिक प्रश्नों के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक समर्पित 'एनईपी सेल' का गठन करने के निर्देश भी दिए।

खबर संक्षेप



बोरा ने किया आईटीएमएस वार रूम का निरीक्षण

रायपुर। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के तीसरे माले पर संचालित इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) वार रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर शहर में यातायात प्रबंधन, महिला सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, अवैध निर्माण और खुदाई पर नियंत्रण तथा नागरिकों में नागरिक बोध (सिविक सेंस) विकसित करने से जुड़े विषयों की समीक्षा की। उन्होंने इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए समन्वित कार्ययोजना तैयार करने और विभागीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

महापौर ने स्वतंत्रता सेनानी को अर्पित की पुष्पांजलि



रायपुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. कमलनारायण शर्मा की जयंती पर शुक्रवार को शहीद स्मारक भवन परिसर में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर मीनल चौबे ने उनकी प्रतिमा पर माला पहनाकर उन्हें नमन किया। इस कार्यक्रम में नगर निगम संस्कृति विभाग के पदाधिकारी सहित जोन दफ्तर के अधिकारी भी मौजूद रहे।

टी-20 मैच की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक



रायपुर। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने 16, 18 एवं 20 अक्टूबर को राजधानी के शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले भारत एवं जिम्बाब्वे के बीच टी-20 मैच की तैयारियों को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के साथ बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण आयोजन है। पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए तथा सामानों की ओवररेटिंग न हो। पुलिस प्रशासन से समन्वय कर सुरक्षा एवं ट्रैफिक के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

// आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमिस्वामी एंज़ेल मसीह पिता अजय मसीह निवासी- हाउसिंग बोर्ड बोरियाकला रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम बिरोदा, प.ह.नं. 17, रा.नि.मं. केन्द्री, तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 544/2, 544/4 रकबा क्रमशः 0.045हे., 0.146हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.191हे. भूमि को खरीदने का पक्का सौदा तय कर लिया गया है तथा विक्रय पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, साहूकार, महाजन, या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता/अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेवें अन्यथा मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लेवेंगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं सदभावक क्रेता माना जायेंगा।

दिनांक - 08/10/2026
स्थान- अभनपुर

भवदीय
नागेन्द्र कुमार सिन्हा (अधिवक्ता)
अभनपुर, मो.नं. 9893906809

16वें वित्त आयोग के 2026-27 से 2030-31 तक के लिए मिलेगा अनुदान

नगरीय निकायों को पांच साल में मिलेंगे 4990 करोड़, पर इसके लिए जरूरी है कमाई बढ़ाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों को 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के तहत अगले पांच वित्तीय वर्षों 2026-27 से 2030-31 के दौरान 4 हजार 990 करोड़ का शहरी स्थानीय निकाय अनुदान देना निर्धारित किया गया है। यह राशि नगर निगमों, नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों के लिए है। अनुदान प्राप्त करने और उसकी अलग-अलग किस्तों के लिए निर्धारित शर्तों का पालन करना होगा। इसके लिए खर्चों का डिजिटल हिसाब रखना होगा, वह सार्वजनिक रहेगा। निकायों को खुद की आय बढ़ानी होगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय छत्तीसगढ़ ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। इसमें केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने कहा गया है। निर्देशों में निकायों के ऑनलाइन लेखा विवरण, स्वयं के राजस्व में वृद्धि, सेवा स्तर के मानकों का प्रकाशन और अनुदान के उपयोग की निगरानी पर जोर दिया गया है।

पूरी करनी होंगी पात्रता शर्तें; और खर्च का डिजिटल हिसाब



अनुदान पाने के लिए ये शर्तें अहम

लेखा विवरण सार्वजनिक करना होगा

नगरीय निकायों के अनंतिम और ऑडिट किए गए खातों को सार्वजनिक करना तथा निर्धारित वित्तीय विवरण ऑनलाइन उपलब्ध कराना जरूरी है। निकायों के खातों और वित्तीय लेन-देन की निगरानी के लिए डिजिटल व्यवस्था का पालन करना होगा।

अपनी आय बढ़ानी होगी

प्रदर्शन आधारित अनुदान के लिए निकायों के स्वयं के स्रोतों से होने वाले राजस्व में वृद्धि महत्वपूर्ण है। इसमें संपत्ति कर जैसे अपने राजस्व स्रोत शामिल हैं। दिशा-निर्देशों में प्रदर्शन आधारित अनुदान के लिए आय वृद्धि से जुड़ी शर्तें निर्धारित की गई हैं। निकायों को निर्धारित सेवा स्तर मानकों का प्रकाशन करना होगा। इससे पानी, स्वच्छता और अन्य नगरीय सेवाओं की स्थिति तथा उनके प्रदर्शन का आकलन किया जा सकेगा।

खर्च और परिसंपत्तियों का डिजिटल रिकॉर्ड रखना होगा

अनुदान से हुए खर्च की रिपोर्टिंग, निर्धारित उद्देश्यों के अनुरूप राशि का उपयोग और परिसंपत्तियों की जियो-टैगिंग जैसी व्यवस्थाओं पर जोर दिया गया है। इससे यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि राशि कहां खर्च हुई और उससे कौन-सी परिसंपत्ति तैयार हुई। अनुदान की पात्रता के लिए स्थानीय निकायों का विधिवत गठन, निर्वाचित निकाय की व्यवस्था और राज्य वित्त आयोग से संबंधित निर्धारित शर्तों का पालन भी महत्वपूर्ण है। संबंधित वित्तीय वर्ष में लागू पात्रता शर्तें पूरी करना आवश्यक होगा।

पूरी राशि एकमुश्त नहीं मिलेगी

16वें वित्त आयोग ने शहरी स्थानीय निकायों के अनुदान को मूलभूत और प्रदर्शन आधारित घटकों में बांटा है। मूलभूत अनुदान में 80:20 के अनुपात में बिना बंधन वाला और बंधित अनुदान शामिल है। बंधित राशि का उपयोग पेयजल, वर्षा जल संचयन, जल पुनर्चक्रण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसे निर्धारित कार्यों के लिए किया जा सकता है। प्रदर्शन आधारित अनुदान निकायों की निर्धारित पात्रता और प्रदर्शन संबंधी शर्तों से जुड़ा है।

शहरों की सुविधाओं पर पड़ेगा असर

अनुदान का उद्देश्य नगरीय निकायों की वित्तीय क्षमता और नागरिक सेवाओं को मजबूत करना है। इसलिए निकायों के लिए केवल अनुदान की पात्रता हासिल करना ही नहीं, बल्कि राशि का निर्धारित उद्देश्यों के अनुसार उपयोग करना और उसका सही हिसाब रखना भी जरूरी होगा। आम नागरिकों के लिए इसका महत्व पेयजल, स्वच्छता, जल प्रबंधन और कचरा निपटान जैसी सेवाओं में सुधार से जुड़ा है। 4,990 करोड़ छत्तीसगढ़ के शहरी स्थानीय निकायों के लिए निर्धारित मूल एवं प्रदर्शन आधारित अनुदान का कुल आंकड़ा है। रायपुर के अपशिष्ट जल प्रबंधन के लिए प्रस्तावित विशेष अवसंरचना घटक की पात्रता को इसमें स्वतः शामिल नहीं माना जाएगा।

आज आएंगे प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर, अब लगातार चलेगा बैठकों का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ भाजपा के नए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शनिवार को रायपुर पहुंच रहे हैं। अब वे यहां पर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में नियमित रूप से रहेंगे। इसी के साथ अब संगठन की गतिविधियों को तेज करने के लिए लगातार बैठकों का दौर चलेगा और नए संगठन महामंत्री के साथ परिचय भी होगा। भाजपा की नई प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी के भी इसी माह आने की संभावना है। उनके साथ सहप्रभारी सिद्धार्थ शंभू भी आएंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने कई राज्यों के संगठन महामंत्रियों में बदलाव किया है। इसी कड़ी में झारखंड के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह को छत्तीसगढ़ और यहां के संगठन महामंत्री पवन साय को झारखंड का जिम्मा दिया गया है। नया जिम्मा मिलने के बाद एक बार कर्मवीर सिंह छत्तीसगढ़ का दौरा करके यहां पर सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा कर चुके हैं। इसके बाद वे वापस लौट गए थे, क्योंकि वहां पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री का दौरा था। अब वे वापस रायपुर आ रहे हैं।



- प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी के इस माह आने की संभावना

ठाकरे परिसर में रहेगा ठिकाना

भाजपा ने नए संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का ठिकाना भी कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रहेगा। वे यहीं पर रहेंगे। भाजपा के पदाधिकारियों के मुताबिक, वे शनिवार को रायपुर आ रहे हैं। इसके बाद वे यहां पर लगातार रहेंगे। उनकी वापसी दीपावली के आसपास ही होगी। यहां पर संगठन महामंत्री के आने के बाद ठाकरे परिसर में लगातार बैठकों का दौर चलेगा। इसमें उनका प्रदेशभर के जिलों के पदाधिकारियों, प्रभारियों, प्रकोष्ठ और मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ परिचय भी होगा। वे संगठन को किस तरह से और मजबूत करना है, इसके निर्देश भी पदाधिकारियों को देंगे।

प्रदेश प्रभारी का भी दौरा जल्द

छत्तीसगढ़ की नई प्रदेश प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का भी दौरा इस माह होने वाला है। अभी उनके आने की कोई तिथि तय नहीं है, लेकिन प्रदेश संगठन प्रयास कर रहा है कि उनका दौरा जल्द हो। उनके साथ ही सहप्रभारी सिद्धार्थ शंभू भी आएंगे।

4 ट्रेनी समेत 18 आईपीएस अफसरों का स्थानांतरण

अमन कुमार झा पीएचक्यू में एसआईए के एसपी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य सरकार के गृह (पुलिस) विभाग ने शुक्रवार को बड़ा फेरबदल करते हुए पांच ट्रेनी समेत 18 आईपीएस अफसरों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। इस सूची में 2021 से 2024 बैच के अफसर शामिल हैं, जिनमें ट्रेनी आईपीएस अफसरों को भी नई फील्ड पोस्टिंग दी गई है। सरकार ने कई अफसरों को बस्तर संभाग के पूर्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्र और संवेदनशील जिलों में एएसपी बनाकर भेजा है, जबकि कुछ का पीएचक्यू में स्थानांतरण किया गया है।

पुलिस विभाग में प्रशासनिक कसावट लाने के उद्देश्य से गृह विभाग द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश किया गया है। साथ ही युवा आईपीएस अफसरों को फील्ड में उतारकर उनकी ऊर्जा का लाभ लेने के उद्देश्य से स्थानांतरण किए जाने की जानकारी पुलिस अफसरों ने दी है। बीजापुर में ऑप्स एएसपी की जिम्मेदारी संभाल रहे अमन कुमार झा को एसआईए जैसे महत्वपूर्ण विभाग में एसपी की जिम्मेदारी दी गई है।

इन पुलिस अफसरों का मुख्यालय स्थानांतरण

झा अमनकुमार रमनकुमार - एएसपी (ऑप्स) बीजापुर से स्थानांतरण कर एसआईए एसपी, पुलिस मुख्यालय, **अजय कुमार** - एएसपी (ऑप्स) नारायणपुर से एसपी एसआईबी, पुलिस मुख्यालय, **आकाश राव श्रीश्रीमाल** - एएसपी (ऑप्स) कांकेर से एआईजी, पुलिस मुख्यालय, **आकाश कुमार शुक्ला** - एएसपी (ऑप्स) एसटीएफ बघेरा (दुर्ग) से एआईजी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, पुलिस मुख्यालय, **रविंद्र कुमार मीणा** - एएसपी (ऑप्स) बीजापुर से एसपी (विटफंड एवं महिला विरुद्ध अपराध), पुलिस मुख्यालय, **अक्षय प्रमोद सबद्रा** - एएसपी (ऑप्स) नारायणपुर से एआईजी, योजना प्रबंध पुलिस मुख्यालय, **रोहित कुमार शाह** - एएसपी (ऑप्स) सुकमा से सेनानी 15वीं वाहिनी सुकमा

इन आईपीएस अफसरों को मिली नई जिम्मेदारी

मयंक मिश्रा - सीएसपी रायगढ़ से एएसपी (ऑप्स) सुकमा , **वैशाली जैन** - सीएसपी राजनांदगांव से एएसपी (ऑप्स) जगदलपुर , धौत्रे सुमित कुमार दत्ताहारि - सीएसपी जगदलपुर से एएसपी कांकेर , **विमल कुमार पाठक** - सीएसपी दर्री (कोरबा) से एएसपी (ऑप्स), नारायणपुर , **ईशु अग्रवाल** - एएसपी नारायणपुर ,**अंशिका जैन** - सीएसपी जगदलपुर , हर्षित मेहर - दुर्ग एएसपी से कोंडागांव , राहुल बंसल- सरगुजा से एएसपी बीजापुर, साकोरे मानसी - एसीपी आजाद चौक थाना रायपुर, आदित्य कुमार - सीएसपी राजनांदगांव, प्रतीक बंसोड़े - सीएसपी सरगुजा

भाजपा बोली- कांग्रेस प्रभारी भगत का बस्तर दौरा राजनीतिक पर्यटन से अधिक कुछ नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पाण्डेय ने कांग्रेस के नवनियुक्त छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत के बस्तर प्रवास पर कहा, सुखदेव भगत का बस्तर दौरा केवल एक राजनीतिक पर्यटन बनकर रह गया है। प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति आज इतनी जर्जर और दिशाहीन हो चुकी है कि नए प्रभारी चाहे जितने दौरे कर लें, वे डूबती नैया को किनारे नहीं लगा सकते। श्री पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस गंभीर अंतर्कलह और गुटबाजी की शिकार है। पार्टी कई खेमों में बंटी हुई है, जहां हर गुट अपनी ढपली-अपना राग अलाप रहा है। प्रदेश में संगठन का ढांचा पूरी तरह लुंज-पुंज और निष्क्रिय हो चुका है। प्रदेश प्रभारी भगत के सामने ऐसे बदहाल संगठन को खड़ा करने से भी बड़ी चुनौती ये है कि वे आखिर किस गुट को साधेंगे और कैसे? एक गुट को खुश करने की कोशिश करते ही दूसरा गुट बगावत की मुद्रा में आ जाता है। कांग्रेस के भीतर मची यह अंतर्कलह अब जनता के सामने जगजाहिर हो चुकी है। श्री पाण्डेय ने कहा, कांग्रेस के प्रभारी बस्तर की नब्ज टटोलने का दावा कर रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने बस्तर को केवल उपेक्षा, भ्रष्टाचार और अस्थिरता के सिवा कुछ नहीं दिया। आज जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार बस्तर के वनांचलों तक विकास, सुरक्षा और जनहितैषी योजनाओं को तेजी से पहुंचा रही है, तब कांग्रेस के नेता सिर्फ सियासी रोटियां सेंकने वहां पहुंच रहे हैं।

महंगाई-यूपीआई शुल्क पर हल्ला बोल, कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डूमरतराई क्षेत्र में मजदूरों, ग्राहकों और कारोबारियों से किया जनसंपर्क

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में महंगाई और यूपीआई शुल्क को लेकर डूमरतराई थोक बाजार में प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने डूमरतराई में मजदूरों, ग्राहकों, छोटे व्यापारियों और थोक व्यापारियों से बात कर उनकी समस्या जानी। इसके पूर्व शहर कांग्रेस कमेटी ने रायपुर शहर के गोलबाजार, शास्त्री मार्केट, फल मार्केट, पंडरी कपड़ा मार्केट, महालक्ष्मी मार्केट में भी यह अभियान चलाया था।

कांग्रेस नेताओं ने बढ़े हुए गैस सिलेंडर के दामों के विरुद्ध सिलेंडर कंधे के लटकाकर एवं यूपीआई, चावल , दाल , तेल , शक्कर , प्याज सहित सभी राशन सामग्री के बढ़ते दामों के खिलाफ पोस्टर लेकर बाजार में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान वहां कार्यरत मजदूरों ने स्मार्ट मीटर, महंगी बिजली, गैस सिलेंडर सहित हर दैनिक उपयोग की चीजें महंगी होने की शिकायत की। ग्राहकों और फुटकर व्यापारियों ने शिकायत की है कि वे दोहरी मार का डर झेल रहे हैं। एक तरफ यूपीआई पर शुल्क लगने से महंगाई बढ़ेगी और दूसरी तरफ नकद ले कर घूमने से पुराने दौर की तरह चोरी, लूट और अन्य तरह के नुकसान का अंदेशा रहेगा। डूमरतराई थोक व्यापारी संघ के पदाधिकारियों के साथ भी शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बैठकर चर्चा की, जिसमें अध्यक्ष प्रेम पाहुजा, गोविंद माहेश्वरी, प्रसून धारीवाल, सुरेश जैन, विजय राठी आदि शामिल हुए। प्रदर्शन में पंकज शर्मा, कुलदीप जुनेजा, कन्हैया अग्रवाल, महेश शर्मा, प्रकाश माहेश्वरी, हीरेंद्र देवांगन, चंपालाल देवांगन, सुशांत डे, सतवीर सिंह, जसवीर ढिल्लन, दीपक चौबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता उपस्थित थे।



छूटे मतदाताओं का नाम जोड़ने प्रदेश में भी विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने बताया, भारत निर्वाचन आयोग निर्देश पर छत्तीसगढ़ में विभिन्न कारणों से पंजीकरण से छूटे हुए मतदाताओं के सत्यापन एवं पहली बार युवा मतदाताओं के पंजीकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता पंजीकरण हेतु न छूटे और किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

श्री कुमार ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया, मतदाता पंजीकरण एक सतत प्रक्रिया है और कोई भी पात्र व्यक्ति, जो अभी तक मतदाता सूची



में पंजीकृत नहीं हुआ है या विभिन्न कारणों से जिसका नाम सूची से विलोपित गया है, वह किसी भी समय पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकता है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य ऐसे पात्र नागरिकों की पहचान करना और उन्हें मतदाता सूची में पंजीकृत करना है। उन्होंने बताया, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक माह का विषेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। ऐसे पात्र नागरिक जो किसी भी कारण से मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं, उनका पुनर्सत्यापन करते हुए ऐसे चिन्हित मतदाताओं से पंजीकरण हेतु फॉर्म-6 भरवाया जाना है।

साथ ही इस अभियान के अंतर्गत नए युवा मतदाताओं के पंजीकरण हेतु उनसे फॉर्म-6 भरवाया जाना है। विभिन्न कारणों से विलोपित की गई प्रविष्टियों की सूची जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट में उपलब्ध रहेगी। इस अभियान के दौरान प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी द्वारा मतदान केंद्र स्तर पर प्रत्येक सप्ताह बुधवार और गुरुवार को विशेष शिविर कार्यालयीन समय में आयोजित किया जा रहा है।



खबर संक्षेप



मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट का विशाल भंडारा

रायपुर। मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट द्वारा पितृपक्ष के दौरान स्वरूपा समीर दास ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर ट्रस्ट के माध्यम से विशाल भंडारा आयोजित किया। इस दौरान एम्स हॉस्पिटल दूरदराज से इलाज कराने आए जरूरतमंद मरीजों एवं उनके सहयोगियों के लिए भरपेट भोजन प्रसाद वितरित किया गया। 2000 के आसपास लोगों ने इसका लाभ लिया। इस दौरान कल्पना शुक्ला जिलाध्यक्ष, मनोरमा बाजपेई सुंदरनगर प्रभारी, लक्ष्मी अवस्थी डगनिया प्रभारी, नमिता पात्रा, अविनाश पात्रा, सरोज शुक्ला, राधा साहू आदि उपस्थित रहीं। ट्रस्टी अध्यक्ष गुरुदेव संकर्षण शरण ने इस कार्य के लिए सबको साधुवाद दिया।

क्षेत्रीय भविष्यनिधि आयुक्त ने किया दौरा



रायपुर। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में आंचलिक कार्यालय से तीन दिवसीय दौरे पर आए क्षेत्रीय भविष्यनिधि आयुक्त शिखर शर्मा द्वारा 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना'के संदर्भ में एक जागरूकता कार्यक्रम बिलासपुर एवं धमतरी में मेनोनाइट स्कूल में 7 एवं 8 अक्टूबर को आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने कर्मचारी भविष्यनिधि संगठन द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। साथ ही नियोक्ताओं एंव कर्मचारियों को नवीन योजनाओं यथा विश्वास (एमिनिस्टी स्कीम), प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, कर्मचारी नामांकन योजना (ईईसी) 2025 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी एवं सभी को इन योजनाओं का लाभ लेने के संबंध अपील की। संगठित एवं संगठित क्षेत्र के मजदूरों/कर्मचारियों, जो संगठन के अंशदाता हैं या बन सकते हैं, उन सभी को संबोधित करते हुए अधिनियम में आए नवीनतम बदलावों के संबंध में जानकारी दी, कि 17 सितंबर 2026 से भविष्यनिधि अंशदान कटौती हेतु न्यूनतम वेतन की सीमा रुपए 15000 से 25000 कर दी गई है। इसी क्रम में 9 अक्टूबर को वाणिज्य एवं उद्योग वाणिज्यिक कर (आबकारी) तथा श्रम मंत्री लखन लाल देवागंन से सौजन्य मुलाकात की एवं संगठन में आए नवीन परिवर्तनों के संबंध में जानकारी दी। क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह कार्यक्रम भी शिखर शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। पखवाड़े के दौरान हुई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उन्होंने पुरस्कृत किया। यह जानकारी क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1 क्षेत्रीय कार्यालय जयवदन इंगले ने दी।

मां धूमावती सिद्धपीठ में कल से जलेंगे ज्योति कलश

रायपुर। पुरानी बस्ती शीतला माता चौक स्थित मां धूमावती सिद्धपीठ



में रविवार से शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। इस संबंध में प्रबंध व्यवस्थापक, पुजारी शीतल सैनी ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आत्म-कल्याण एवं मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए श्रद्धालु 11 अक्टूबर से ज्योति कलश प्रज्वलित करा सकते हैं।

निधन

राजकुमार त्रिलोकवानी

रायपुर। गौतम विहार, देवपुरी निवासी



राजकुमार त्रिलोकवानी (65) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 अक्टूबर को शाम न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम किया गया। वे शम्मी राज त्रिलोकवानी के पिता थे।

कंचन देवी गोलेछा

रायपुर। विवेकानंद नगर निवासी



कंचन देवी गोलेछा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया। वे मोहनचंद गोलेछा की माता एवं नमन की दादी थीं।

नवरात्रि कल से, 500 से अधिक सार्वजनिक पंडालों में विराजित होंगी मातारानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शारदीय नवरात्रि 11 अक्टूबर से शुरू होने जा रही है। रायपुर नगर निगम क्षेत्र में 500 से अधिक सार्वजनिक पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं विभिन्न दुर्गोत्सव समितियों द्वारा स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। जिला प्रशासन ने सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम एवं पंडाल लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत पंडाल एवं कार्यक्रम आयोजित करने के लिए संबंधित नगर निगम के जोन दफ्तर से लेकर पुलिस थाना, बिजली विभाग एवं अग्निशमन विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य है। इस दिशा-निर्देश के परिपालन में अब तक निगम क्षेत्र के समस्त जोन क्षेत्रों में 100 से कम दुर्गोत्सव समितियों ने अनुमति लेने आवेदन किया है। हालांकि आवेदन कम करने की बड़ी वजह अनुमति लेने की जटिल प्रक्रिया है। इसके कारण ज्यादातर दुर्गोत्सव समितियों ने बिना अनुमति लिए ही दिव्य प्रतिमा विराजित करने की तैयारी शुरू कर दी है।

शारदीय नवरात्रि के लिए दुर्गोत्सव समितियां पंडाल लगाने से लेकर सजावट तक के काम में जुटी हुई हैं। राजधानी के सभी जोन क्षेत्रों में नवरात्रि के लिए अनेकों सार्वजनिक स्थानों पर समितियों द्वारा पंडाल लगवाए जा रहे हैं। कई जगहों पर तो पंडाल लगाने के साथ उसकी सजावट का काम भी शुरू हो गया है। कई पंडाल दिशा-निर्देश के विपरीत सड़कों पर बना दिए गए हैं, जबकि इसे लेकर जिला प्रशासन ने स्पष्ट गाइडलाइन जारी की है।

- शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ कल से, तैयारी में जुटीं समितियां

इन इलाकों में सार्वजनिक स्थानों पर स्थापना

पुरानी बस्ती, आमापारा, लाखेनगर, कंकालीपारा, रामसागरपारा, स्टेशन रोड, गुढ़ियारी, टिकरापारा, तात्यापारा, राजेंद्रनगर, अमलीडीह, पंडरी, महादेवघाट, डीडीनगर, तेलीबांधा, श्यामनगर, सुंदरनगर, डगनिया, कोटा सहित कई इलाकों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं सार्वजनिक स्थलों पर पंडालों में विराजित की जाएंगी।

अनुमति के लिए 100 से भी कम आवेदन



प्रशासन की जगह अब नगर निगम से अनुमति

सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार का उत्सव कार्यक्रम करने के लिए जिला प्रशासन ने नगर निगम मुख्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य किया है। इसके लिए संबंधित जोन दफ्तर में आवेदन करना है। जोन दफ्तर में आवेदन करने के बाद संबंधित क्षेत्र के थाने, बिजली विभाग एवं अग्निशमन विभाग से भी अनुमति लेना अनिवार्य है। इसके बाद ही आवेदन पर निगम प्रशासन की अंतिम मुहर लगनी है। इस प्रक्रिया में कई दिन लग जाते हैं, जिसके कारण समितियां भी अनुमति की इस जटिल प्रक्रिया पूरी करने में रुचि नहीं ले रही हैं।

एनओसी लेना अनिवार्य

गणेशोत्सव, दुर्गोत्सव के संबंध में सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राजधानी रायपुर में नगर निगम प्रशासन अनुमति के लिए अधिकृत है। निगम प्रशासन से पहले जोन दफ्तर, पुलिस, अग्निशमन एवं बिजली विभाग से एनओसी लेना अनिवार्य किया गया है।

उमाशंकर बंदे, एडीएम, कलेक्टर

नवरात्रि एवं समारोह के मद्देनजर कुछ स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव भी तय किया गया

दुर्गा पूजा पर इतवारी-शालीमार के बीच स्पेशल ट्रेन, अप-डाउन में तीन-तीन फेरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दुर्गा पूजा के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी और शालीमार के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 08861/08862 दोनों दिशाओं में तीन-तीन फेरे लगाएगी। इससे छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़ सहित मार्ग के अन्य स्टेशनों के यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

यह ट्रेन 15, 22 और 29 अक्टूबर को प्रत्येक गुरुवार नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी स्टेशन से शाम 5.10 बजे रवाना होगी। गोंदिया में शाम 7 बजे आगमन और 7.10 बजे प्रस्थान, डोंगरगढ़ में रात 8.08 बजे आगमन और 8.10 बजे प्रस्थान, राजनांदगांव में रात 8.35 बजे आगमन और 8.37 बजे प्रस्थान, दुर्ग में रात 9.40 बजे आगमन और 9.45 बजे प्रस्थान तथा रायपुर में रात 10.25 बजे आगमन और 10.30 बजे प्रस्थान करेगी। ट्रेन में दिव्यांग अनुकूल सह गार्ड के 2, सामान्य श्रेणी के 4, शयनयान श्रेणी के 10, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 3 और द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 1 कोच सहित कुल 20 कोच होंगे।

शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस 20 से 26 अक्टूबर तक गिधनी स्टेशन पर रुकेगी



श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्रजी के सम्मान में आयोजित समारोह में शामिल होने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस को दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर मंडल स्थित गिधनी स्टेशन पर अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया है। यह सुविधा 20 से 26 अक्टूबर 2026 तक उपलब्ध रहेगी। रेलवे के अनुसार, ट्रेन संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस इस अवधि में गिधनी स्टेशन पर शाम 6.18 बजे पहुंचेगी और दो मिनट ठहरने के बाद 6.20 बजे रवाना होगी। वहीं, ट्रेन संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस गिधनी स्टेशन पर सुबह 7.44 बजे पहुंचेगी और 7.46 बजे प्रस्थान करेगी।

शालीमार-एलटीटी में छह-छह दिन अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा

यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन ने शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में अस्थायी रूप से एक अतिरिक्त तृतीय वातानुकूलित (एसी-3) कोच लगाने का निर्णय लिया है। रेलवे के अनुसार, ट्रेन संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में 10, 11, 13, 14, 15 और 16 अक्टूबर 2026 को अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में 12, 13, 15, 16, 17 और 18 अक्टूबर को यह सुविधा दी जाएगी। इससे इन तिथियों में यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध हो सकेंगे।

नवरात्रि मेले में मैहर स्टेशन पर 11 से 22 अक्टूबर तक रुकेगी दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस

मैहर में नवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस को मैहर स्टेशन पर अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया है। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले मैहर स्टेशन पर यह सुविधा 11 से 22 अक्टूबर 2026 तक उपलब्ध रहेगी। रेलवे के अनुसार, ट्रेन संख्या 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस निर्धारित अवधि में मैहर स्टेशन पर रात 1.55 बजे पहुंचेगी और पांच मिनट रुकने के बाद रात 2 बजे रवाना होगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर सुबह 5.35 बजे पहुंचेगी और सुबह 5.40 बजे प्रस्थान करेगी। इस अस्थायी ठहराव से नवरात्रि मेले में मैहर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी।

कस्टम मिलिंग घोटाले में ईडी ने रामगोपाल को किया गिरफ्तार

शराब घोटाला मामले में चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल को 140 करोड़ रुपए से ज्यादा के कस्टम मिलिंग घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया है। ईडी इस मामले में वर्ष 2024 में कोर्ट में चालान पेश कर चुकी है। कस्टम मिलिंग घोटाले में ईडी ने अब तक कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष से पूछताछ नहीं की थी। इस कारण उन्हें गिरफ्तार किए जाने की बात जानकार बता रहे हैं। साथ ही उनके खिलाफ शराब घोटाला प्रकरण में ईडी ने चालान पेश किया है।

कस्टम मिलिंग घोटाला प्रकरण में ईडी ने स्पेशल कोर्ट में आवेदन देकर रामगोपाल अग्रवाल से पूछताछ के लिए रिमांड पर देने की मांग की। ईडी के आवेदन पर कोर्ट ने पांच दिनों यानी 13 अक्टूबर तक पूछताछ करने रिमांड स्वीकृत की है। खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि 40 रुपए से बढ़ाकर 120 रुपए प्रति क्विंटल की गई थी। जांच में सामने आया कि इस राशि में से 2 किस्तों में मिलर्स से 20-20 रुपए प्रति क्विंटल कथित अवैध वसूली की गई। कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष पर आरोप है कि उन्होंने कस्टम मिलिंग घोटाले की बड़ी राशि पार्टी फंड के लिए जुटाई थी। ईडी इसी संबंध में उनसे पूछताछ करेगी।



जेल में तीन दिन की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया

रिमांड पर लेने के पहले जेल में पूछताछ

रामगोपाल को रिमांड पर लेने के पूर्व ईडी ने कोर्ट की अनुमति से तीन दिन तक उनसे जेल में पूछताछ की। जेल में पूछताछ करने के बाद उनसे आगे की पूछताछ करने रिमांड हासिल की है। कस्टम मिलिंग घोटाले में ईडी के अफसर रामगोपाल से पहली बार पूछताछ कर रहे हैं।

बैंक में सेंधमारी और तोड़फोड़, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी में चोरी के इरादे से एटीएम मशीन और बैंक के वॉल्ट में तोड़फोड़ करने के आरोप में पंकज ध्रुव (27) को आमानाका पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने टाटीबंध चौक स्थित इंडिया वन एटीएम मशीन और चंदनीडीह स्थित यूनियन बैंक की शाखा में चोरी की कोशिश की थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बैंक से चोरी किया गया लैपटाप बरामद किया है। दोनों घटनाओं में आमानाका थाने में अलग-अलग अपराध दर्ज किए गए थे। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और आमानाका थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने सीसीटीवी फूटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को पकड़ा।

शेष पेज 11 के

रूफटॉप रेस्तरां की छत...

कार्यालय और दूसरी इमारतों में आग से बचाव के इंतजाम के साथ यह भी जरूरी होगा कि आपात स्थिति में लोग सुरक्षित बाहर निकल सकें। इसके लिए भवन के उपयोग, ऊंचाई और जोखिम के अनुसार अग्नि सुरक्षा, निकास मार्ग, आपातकालीन रोशनी और आग बुझाने की व्यवस्था के मानक तय किए गए हैं।

रूफटॉप रेस्तरां में सिलेंडर और खुली...

परिसर में प्रदर्शित करने होंगे। सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि छत पर संचालित रेस्तरां में एलपीजी स्टोव, कोयले या खुली आग से खाना पकाने की अनुमति नहीं होगी। नियमों में नीचे की मंजिल पर ऐसी व्यवस्था करने की अनुमति का उल्लेख है। हुक्का और फायर शो भी प्रतिबंधित है।

अस्पतालों में मरीजों को सुरक्षित ...

प्रावधान है। मरीजों को ले जाने वाले गलियारों, रास्तों और रैंप की न्यूनतम चौड़ाई 2.4 मीटर तथा अस्पताल के निकास की चौड़ाई कम से कम 2 मीटर निर्धारित की गई है। इसका उद्देश्य यह है कि आपात स्थिति में मरीजों को स्ट्रेचर के साथ सुरक्षित स्थान पर ले जाने में रास्ते की कमी बाधा न बने।

स्पेशल परीक्षा की डेटशीट जारी...

जानकारी के आधार पर ही संबंधित देशों में परीक्षा केंद्र निर्धारित किए हैं। स्पेशल परीक्षा के लिए बोर्ड ने उम्मीदवारों की लिस्ट ऑफ कैंडिडेट्स के आधार पर प्रत्येक देश में एक परीक्षा केंद्र बनाया है। सीबीएसई की डेट शीट के अनुसार 12वीं की स्पेशल परीक्षाएं अलग-अलग विषयों के लिए 23, 26, 27 और 28 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। ज्यादातर परीक्षाएं सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक होगी. हालांकि कुछ विषयों की परीक्षा 2 घंटे की होगी।

वेलनेस सेंटर की आड़ में ड्रग्स का धंधा, ट्रांसजेंडर समेत तीन गिरफ्तार

आरोपियों से डेढ़ लाख कीमत की 15 ग्राम एमडीएमए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दो युवतियां भी शामिल, खम्हारडीह पुलिस की कार्रवाई

खम्हारडीह थाना क्षेत्र के शंकरनगर में संचालित रेमेडी सेलून एवं वेलनेस सेंटर में पुलिस ने छापे की कार्रवाई करते हुए एक ट्रांसजेंडर तथा दो युवती के कब्जे से 15 ग्राम के करीब एमडीएमए ड्रग्स जब्त की है। जब्त ड्रग्स की कीमत डेढ़ लाख रुपए आंकी गई है। आरोपियों को ड्रग आपूर्ति करने वाले की पहचान कर पुलिस उनके खिलाफ भी कार्रवाई करने की बात कह रही है। पुलिस ने उक्त कार्रवाई मुखबिर के सूचना के आधार पर की है।

प्रतिबंधित सिंथेटिक ड्रग्स के साथ पुलिस ने दुर्ग सुपेला निवासी आशा नायक, पंडरी निवासी कृष्णा तिवारी तथा अवंति विहार निवासी ट्रांसजेंडर हेमंत थापा को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने वेलनेस सेंटर में आने वाले विशेष ग्राहकों को यह ड्रग सप्लाई करते थे। मसाज कराने के बहाने ग्राहक वेलनेस सेंटर में ही ड्रग्स लेते थे। साथ ही कुछ अन्य युवक वहां से होटल, क्लब, पब, बार सहित बड़ी पार्टियों में ड्रग सप्लाई करते थे।



डीवीआर को पुलिस ने कब्जे में लिया

वेलनेस सेंटर में लगे सीसीटीवी फूटेज की जांच करने पुलिस ने डीवीआर अपने कब्जे में ले लिया है। डीवीआर की मदद से पुलिस वेलनेस सेंटर में आने-जाने वालों के बारे में जानकारी जुटाएगी। साथ ही जरूरत पड़ने पर पुलिस उन्हें पूछताछ के लिए थाना तलब करेगी। बताया जा रहा है कि वेलनेस सेंटर के चैंजिंग रूम में ग्राहकों के लिए ड्रग सेवन करने व्यवस्था की गई थी। चैंजिंग रूम में कैमरा नहीं होने की वजह से वहां ग्राहक आसानी से ड्रग्स सेवन करते थे।

राजस्थान, गोवा, मुंबई से ड्रग लाकर खपाते थे

पुलिस के मुताबिक, इन दोनों युवतियों तथा ट्रांसजेंडर को कोई अन्य तीसरी पार्टी ड्रग्स लाकर देती थी। हर बार अलग-अलग लोग इनके पास ड्रग्स छोड़ने आते थे। इनका ड्रग का पूरा कारोबार मैनुअल तरीके से संचालित होता था। बताया जा रहा है, ड्रग लेने वालों में बड़ी संख्या में युवतियों के साथ युवक शामिल हैं। आरोपी लोगों की प्रोफाइल के बारे में जानकारी जुटाने के बाद उन्हें ड्रग लेने ऑफर करते थे। इन लोगों के पास मुंबई, दिल्ली तथा राजस्थान से ड्रग पहुंचाए जाने की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस उस थर्ड पार्टी के बारे में जानकारी जुटा रही है, जो इनको ड्रग सप्लाई करती थी।

'उद्यम से विरासत तक', चैंबर का प्रशिक्षण सत्र आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा व्यापारियों और उद्यमियों के मार्गदर्शन के लिए एक विशेष सीखने के सत्र "उद्यम से विरासत तक" का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम व्यवसाय विस्तार, राष्ट्र निर्माण और ब्रांड निर्माण के उद्देश्य से आयोजित है। विशेष सत्र 10 अक्टूबर शनिवार को दोपहर 3.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक जेल रोड स्थित एक होटल में होगा।

इस संबंध में चैंबर के महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि पहले सत्र में मुख्य वक्ता विक्रम लिमसे निदेशक पीएसएसी एंड एसोसिएट्स एवं संस्थापक हेलिकॉन कंसल्टिंग अपने अनुभवों और विशेषज्ञता से उपस्थितजनों का मार्गदर्शन करेंगे। दूसरे सत्र में सीए संजीव अग्रवाल पार्टनर पीएसएसी एंड एसोसिएट्स रायपुर व्यवसाय उत्तराधिकार योजना और बिजनेस को भविष्य के लिए सुरक्षित बनाने की रणनीतियों पर विस्तार से जानकारी देंगे। कार्यक्रम के संबंध में चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने व्यापारियों को प्रेरित करते हुए कहा, "व्यवसाय केवल आज के मुनाफे तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे एक ऐसी सुदृढ़ विरासत बनना चाहिए, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी सफलता की नींव रखे। सही रणनीति, ब्रांड बिल्डिंग और दूरदर्शी सोच से ही हम अपने स्थानीय व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं। उद्यमी और व्यापारी प्रशिक्षण सत्र में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर विशेषज्ञता का लाभ उठाएं।

बिजनेस साइट

जीके इलेक्ट्रिक और आईआईटी भिलाई के बीच ईवी तकनीक के विकास के लिए एमओयू



रायपुर। जीके ग्रुप की कंपनी जीके इलेक्ट्रिक ने इलेक्ट्रिक व्हीकल तकनीक के विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के माध्यम से आईआईटी भिलाई के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य स्वदेशी इलेक्ट्रिक व्हीकल तकनीक विकसित करना है। आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश की मौजूदगी में हुए समझौते के दौरान जीके इलेक्ट्रिक के चेयरमैन अमर परवानी, एमडी एवं सीईओ पुनीत परवानी सहित दोनों संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। समझौते के तहत एडवांस्ड बैटरी टेक्नोलॉजी, बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम, मोटर, कंट्रोलर और व्हीकल इलेक्ट्रॉनिक्स पर संयुक्त शोध एवं विकास किया जाएगा। साथ ही इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने, विद्यार्थियों को इंटर्नशिप और औद्योगिक परियोजनाओं के अवसर देने पर भी विचार होगा। पुनीत परवानी ने कहा कि आईआईटी भिलाई के साथ साझेदारी से स्वदेशी तकनीक विकसित करने में मदद मिलेगी।

ओमेगा मेडिशाइन कैंसर केयर सेंटर का शुभारंभ कल

रायपुर। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने के लिए हैदराबाद के ओमेगा हॉस्पिटल्स और रायपुर के श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल्स ने साझेदारी की है। 11 अक्टूबर को ओमेगा मेडिशाइन हॉस्पिटल्स एसोसिएशन के शुभारंभ के साथ अत्याधुनिक कैंसर केयर सेंटर की आधारशिला रखी जाएगी। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के मरीजों को जटिल बीमारियों के इलाज के लिए बार-बार दिल्ली, मुंबई या हैदराबाद जैसे महानगरों की दौड़ लगाने से राहत दिलाना है। इस पहल के तहत कैंसर की स्क्रीनिंग, आधुनिक जांच, मेडिकल एवं सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन थेरेपी और पैलिएटिव केयर जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। रोबोटिक सर्जरी सहित उन्नत चिकित्सा तकनीकों पर भी जोर रहेगा। ओमेगा मेडिशाइन के चिकित्सा निदेशक डॉ. सुशील शर्मा ने कहा कि मरीजों को एक ही स्थान पर समन्वित उपचार उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। प्रबंध निदेशक कात्यायनी शर्मा के मार्गदर्शन में शुरू हुई इस पहल से छत्तीसगढ़ सहित मध्य भारत के मरीजों को उन्नत चिकित्सा सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।



रायपुर में सिल्क वीव्स एक्सपो का शुभारंभ, साड़ियों पर 60% तक छूट



रायपुर। सिविल लाइंस स्थित गुरुतेग बहादुर भवन में शुक्रवार को सिल्क वीव्स एक्सपो की फेस्टिव शॉपिंग स्पेशल प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। करवा चौथ और दिवाली एडिशन-2026 का उद्घाटन रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने किया। प्रदर्शनी में देशभर से आए बुनकरों और कारीगरों के उत्पाद आकर्षण का केंद्र हैं। एक्सपो में बनारसी, कांजीवरम, कोसा सिल्क, बेंगलुरु सिल्क, जामदानी और वेडिंग स्पेशल साड़ियों के साथ शॉल, स्टोल, लिनेन और हस्तनिर्मित परिधानों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। कोलकाता, बनारस, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा और असम सहित विभिन्न राज्यों के कारीगरों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए हैं। ग्राहकों को सिल्क और कॉटन उत्पादों पर 60% तक की छूट दी जा रही है। जुनेजा ने कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय हथकरघा परंपरा को बढ़ावा देने और कारीगरों को सीधे ग्राहकों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजकों के अनुसार, प्रदर्शनी 9 से 18 अक्टूबर तक सुबह 11 से रात 9 बजे तक खुली रहेगी। प्रवेश और पार्किंग निशुल्क है।

जब हर सेकंड कीमती, क्रिटिकल केयर की जागरूकता बचा सकती है जान : डॉ. प्रदीप शर्मा

रायपुर। गंभीर बीमारी, दुर्घटना या आपात स्थिति में समय पर इलाज मरीज की जान बचाने में अहम भूमिका निभाता है। एनएच एमएमआई हॉस्पिटल के क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप शर्मा ने बताया कि क्रिटिकल केयर केवल आईसीयू तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए बीमारी के शुरुआती संकेतों की पहचान और समय पर उपचार जरूरी है। उन्होंने बताया कि अचानक सांस लेने में तकलीफ, सीने में दर्द, बेहोशी, चेहरे का टेढ़ा होना, बोलने में परेशानी और ब्लड प्रेशर गिरना गंभीर खतरे के संकेत हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में मरीज को तत्काल इमरजेंसी में ले जाना चाहिए। डॉ. शर्मा ने कहा कि नागरिकों को सीपीआर का प्रशिक्षण लेना, हार्ट अटैक और स्ट्रोक के लक्षण पहचानना तथा बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक लेने से बचना चाहिए। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन भी जरूरी है। 9 अक्टूबर को इंडियन सोसायटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन के स्थापना दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि जागरूकता, त्वरित उपचार और संवेदनशील देखभाल से मरीजों की जान बचाने के साथ उनके स्वास्थ्य में सुधार किया जा सकता है।



खबर संक्षेप

सेनानी संघ कल मनाएगा लोकनायक की जयंती

रायपुर। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती 11 अक्टूबर को लोकतंत्र सेनानी संघ व लोकतंत्र प्रहरी के तत्वावधान में प्रेस क्लब रायपुर के सभा कक्ष में लोकनायक जयंती का आयोजन संध्या 4 बजे से किया गया है। लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पंकज झा, मीडिया सलाहकार मुख्यमंत्री, मुख्य अतिथि लक्ष्मी वर्मा सांसद राज्यसभा होंगी, अध्यक्षता सुरेंद्र पाटनी रायपुर ग्रामीण जिला भाजपा प्रभारी करेंगे। उक्ताशय की जानकारी सेनानी संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी आलोक श्रीवास्तव ने दी।

विश्वविद्यालय-महाविद्यालय शालेय छात्रसंघ की बैठक कल

रायपुर। छत्तीसगढ़ी भवन हांडीपारा में 11 अक्टूबर को शाम 4.30 बजे छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय-महाविद्यालय शालेय छात्रसंघ की बैठक रखी गई है। प्रदेश कार्यालय सचिव अंकित साहू ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बैठक के दौरान शिक्षा के साथ रोजगार, निशुल्क शिक्षा, छत्तीसगढ़ी भाषा स्थानीय छात्रों को रोजगार अनिवार्य, विवि एवं महाविद्यालय के निर्वाचन समेत अनेक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

नीति आयोग की महानिदेशक ने राज्य नीति आयोग के कार्यों को सराहा

रायपुर। नीति आयोग, भारत सरकार के विकास निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय की महानिदेशक निधि छिब्बर ने छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग द्वारा नीति निर्माण, योजनाओं की निगरानी एवं मूल्यांकन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की है। उन्होंने राज्य में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और उनके वास्तविक परिणामों के आकलन के लिए एक सशक्त एवं स्थायी निगरानी तथा मूल्यांकन तंत्र विकसित करने पर जोर देते हुए इस दिशा में डीएमईओ, नीति आयोग की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।
राज्य नीति आयोग, छत्तीसगढ़ में आज स्टेट सपोर्ट मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं प्रस्तावित कार्ययोजनाओं की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष गणेश शंकर मिश्रा ने की। इस अवसर पर सचिव, योजना भुवनेश यादव सहित आयोग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष गणेश शंकर मिश्रा ने महानिदेशक निधि छिब्बर का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य नीति आयोग एक परामर्शदात्री एवं ज्ञान आधारित संस्था (थिंक टैंक) के रूप में प्रदेश के समग्र विकास को नई दिशा देने के लिए कार्य कर रहा है।

फेफड़ों के कैंसर पर विशेष कार्यशाला आज

रायपुर। क्षेत्रीय कैंसर संस्थान में शनिवार 10 अक्टूबर को फेफड़ों के कैंसर के सटीक निदान एवं आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों पर केंद्रित राज्यस्तरीय कार्यशाला 'प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी इन लंग डायग्नोसिस एंड मैनेजमेंट' का आयोजन किया जाएगा।
दोपहर डेढ़ से शाम 6 बजे तक आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य विषय लिक्विड बायोप्सी एवं लंग कैंसर स्क्रीनिंग रखा गया है।

गोदाम में डंप टीबी वॉयल के एक्सपायर होने की खबर से हड़कंप, शुरू हुआ हिसाब-किताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य औषधि गोदाम में डंप पड़ी सी-वाय टीबी टेस्ट वॉयल का हिसाब-किताब शुरू हो गया है। विभागीय अफसर यह जानकारी जुटाने में लगे हैं कि किस जिले को कितना कोटा आवंटित हुआ था और उसके रवाना क्यों नहीं किया गया? नवंबर में एक्सपायरी होने से पहले इसका ज्यादा से ज्यादा उपयोग किए जाने पर जोर दिया जा रहा है।

खास खबर

हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद स्वास्थ्य विभाग ने लगभग तीन करोड़ के इस टेस्ट किट की सुध ली है। गुरुवार को राजधानी में टीबी उन्मूलन के लिए हुए कार्यक्रम में भी यह टेस्ट किट चर्चा का विषय रही। जानकारों का तर्क है कि टीबी उन्मूलन के लिए विभागीय स्तर पर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, मगर इसके लिए उपलब्ध कराए जाने वाले संसाधनों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विभागीय लापरवाही का बड़ा उदाहण यही किट रही है, जिसे जिलों को वितरित करने के बजाय राज्य के गोदाम में खराब होने के लिए रख दिया गया। नवंबर में एक्सपायरी होने वाले इस टेस्टिंग संसाधन का ज्यादा से ज्यादा उपयोग किए जाने पर जोर दिया गया है। इसके अलावा राज्य स्तर के अधिकारी मैदानी अमले से मौजूदा स्टॉक और जिलों को किए गए आवंटन के बारे में भी जानकारी मांग रहे हैं। इस टेस्ट किट की कीमत करीब तीन करोड़ बताई गई है।

टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में भी हुई चर्चा, क्लोज कांटेक्ट और हाईरिस्क वालों का करते

त्वचा के जरिए आधुनिक जांच की प्रक्रिया

सी-वॉय टीबी टेस्ट जांच की आधुनिक प्रक्रिया है। जानकारों का कहना है कि कई राज्यों में इसके माध्यम से टेस्टिंग प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वॉयल में मौजूद केमिकल को टीबी संक्रमितों के क्लोज कांटेक्ट और हाईरिस्क की श्रेणी में रहने वाले की कलाई में इंजेक्ट किया जाता है। 48 से 72 घंटे में होने वाले रिएक्शन के आधार पर संक्रमण का संदिग्ध मानते हुए अन्य जांच की सिफारिश की जाती है।


हरिभूमि
तमाशबीन से नहीं, विचार भी
तीन करोड़ के सीवाय-टीबी वॉयल अगले माह हो जाएंगे 'कचरा'
एक डोज करीब 300 का
टीबी वॉयल का उपयोग हुआ 100 बिलासपुर को भेजा

डिमांड दस हजार की मिल रही एक हजार

कुछ ऐसा ही हाल टू नॉट टेस्ट किट का भी है। राज्य स्तर पर इसकी सप्लाई की किल्लत बनी हुई है। विभिन्न जिलों से भेजे जाने वाले डिमांड का केवल दस प्रतिशत की सप्लाई की जा रही है। रायपुर जिले ने ज्यादा मरीजों की जांच के लिए कुछ समय पहले दस हजार किट मांगी थी, जिसके एवज एक हजार किट भेजी गई। टीबी के संदिग्ध मरीजों की पुष्टि के लिए टू नॉट मशीन की जांच को कंफर्म तकनीक माना जा रहा है।

अभा. कोटे का पंजीयन 12 से, राज्य की संभावित तिथि 21 अक्टूबर

एमबीबीएस की काउंसिलिंग खत्म हो रही, अब एमडी-एमएस की बारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस सीटों पर एडमिशन अंतिम दौर में है और जल्द ही चिकित्सा शिक्षा विभाग में एमडी-एमएस सीटों पर एडमिशन की तैयारी शुरू कर दी जाएगी। मेडिकल काउंसिल कमेटी (एमसीसी) ने काउंसिलिंग का संभावित शेड्यूल भी जारी कर दिया है। ऑल इंडिया कोटे का पंजीयन 12 अक्टूबर से होगा। राज्य के पहले राउंड की अनुमानित तिथि 21 अक्टूबर से 2 नवंबर के बीच होगी।

राज्य में पिछली बार शासकीय और निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की 566 सीटों पर एडमिशन हुआ था। इस बार सीटों की संख्या बढ़ने के अनुमान हैं। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में पीजी की 50 प्रतिशत सीटें ऑल इंडिया और 50 फीसदी राज्य कोटे के खाते में आती हैं। निजी कालेजों में करीब 20 फीसदी एनआरआई और 80 प्रतिशत राज्य कोटे की होती हैं। सरकारी की आधी सीट पर एडमिशन एमसीसी कराता है और शेष तथा प्रायवेट कालेजों की तमाम सीटों पर भर्ती के लिए राज्य चिकित्सा शिक्षा विभाग काउंसिलिंग कराता है। वर्तमान में चिकित्सा शिक्षा विभाग एमबीबीएस के तीसरे राउंड की प्रक्रिया पूरी कर रहा है और बड़ी संख्या में रिक्त सीटों की वजह से इसके लिए स्ट्रे राउंड का आयोजन भी किए जाने की पूरी संभावना है। इस बीच राज्य में पीजी सीटों पर प्रवेश के लिए भी प्रक्रिया शुरू किए जाने की संभावना है। एमसीसी ऑल इंडिया कोटे से प्रवेश के लिए पंजीयन 12 अक्टूबर से शुरू करेगा। उसके द्वारा स्टेट कोटे के प्रवेश के लिए भी संभावित शेड्यूल जारी कर दिया गया है। संभावित समय-सारिणी के हिसाब से एमडी-एमएस की तमाम सीटों में प्रवेश 31 दिसंबर तक पूरी की जानी है। वहीं पीजी का शैक्षणिक सत्र 20 नवंबर से शुरू किया जाना है।

- राज्य में पीजी की करीब 600 सीटें, पचास फीसदी राज्य कोटे की
- स्ट्रे राउंड का आयोजन भी किए जाने की पूरी संभावना
- पीजी का शैक्षणिक सत्र 20 नवंबर से शुरू किया जाना है

इस बार सीटें ज्यादा



बैंक गारंटी की शर्त खत्म करने की उठने लगी मांग

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए बैंक गारंटी की शर्त समाप्त करने की मांग उठने लगी है। छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर एमडी-एमएस के लिए 25 लाख तथा डीएम, एमसीएच और डीएनबी के लिए 50 लाख की बैंक गारंटी की शर्त को शिथिल करने की डिमांड की है। तर्क दिया गया है कि शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में बड़ी संख्या में अनुबंधित चिकित्सक सेवाएं दे रहे हैं। अनेक अनुबंधित चिकित्सकों के पास इतनी बड़ी राशि की बैंक गारंटी उपलब्ध कराने क्षमता नहीं है। इस नियम के बजाय शपथपत्र लिए जाने का सुझाव दिया है।

रायपुर में सर्वाधिक 146 सीटें

विभिन्न विषयों पर स्नात्कोत्तर पाठ्यक्रम के लिए रायपुर के शासकीय जेएनएम मेडिकल कालेज में 146 सीटें हैं और बिलासपुर सिम्स में करीब 90 सीटें हैं। राज्य के निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में भी काफी संख्या में सीटें स्वीकृत हैं और आने वाले दिनों में इसमें थोड़ी और बढ़ोतरी होने की गुंजाइश है। इस बार यूजी के नए कालेज खुलने और पुराने की क्षमता में बढ़ोतरी होने के कारण तीसरे राउंड के लिए एमबीबीएस और बीडीएस की 431 सीटें रिक्त हैं।

कल होने वाली परीक्षा के लिए कर्मचारी चयन मंडल ने कर ली थी पूरी तैयारी

65 हजार अभ्यर्थियों के लिए छप चुके हैं प्रश्नपत्र, प्रदेशभर में 250 केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हाईकोर्ट के निर्णय पश्चात 11 अक्टूबर को आयोजित होने वाली शिक्षक भर्ती परीक्षा स्थगित कर दी गई है। इस परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी छग कर्मचारी चयन मंडल पर थी। मंडल ने तैयारी पूरी कर ली थी। 21 अगस्त तक इसके लिए आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, निर्धारित अवधि तक मंडल को लगभग 65 हजार आवेदन प्राप्त हुए। इन परीक्षार्थियों के लिए प्रदेशभर में 250 केंद्र बनाए गए। राजधानी रायपुर में 20 परीक्षा केंद्र इस परीक्षा के लिए निर्धारित किए जा चुके थे। इन केंद्रों में बैठक व्यवस्था से लेकर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति सहित अन्य सभी प्रक्रियाएं पूर्ण हो चुकी थीं। चूंकि अब परीक्षा स्थगित कर दी गई है, इसलिए ये तैयारियां व्यर्थ हो गई हैं।

हरिभूमि खास

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में सहायक शिक्षक भर्ती वर्ष 2026 के अंतर्गत 2,292 पदों के लिए संक्षिप्त विज्ञापन 16 अप्रैल को जारी किया गया था। इसके पश्चात 24 जुलाई को छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल की वेबसाइट पर विस्तृत विज्ञापन जारी किया गया। इसी दिन ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई।

अंतिम निर्णय पश्चात ही नई तिथि

65 हजार परीक्षार्थियों के लिए कर्मचारी चयन मंडल प्रश्नपत्र छाप चुका है। इन प्रश्नपत्रों का अब क्या किया जाएगा, इससे संबंधित जानकारी साझा नहीं की गई है। क्योंकि इसे गोपनीय कार्य के अंतर्गत रखा जाता है। इसके प्रवेशपत्र भी कर्मचारी चयन मंडल अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर चुका है। न्यायालय के निर्णय पश्चात परीक्षा स्थगित किए जाने संबंधित अधिसूचना मंडल ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड कर दी है। कर्मचारी चयन मंडल द्वारा नई अथवा संभावित तिथि फिलहाल जारी नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार, अंतिम निर्णय आने के पश्चात ही नई तिथि घोषित होगी।

बाद में चिह्नांकित हुई दृष्टिबाधित 'बी' श्रेणी

पूरे मामले पर स्कूल शिक्षा विभाग ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा, समाज कल्याण विभाग द्वारा 25 फरवरी 2026 को जारी अधिसूचना में विभिन्न विभागों के पदों के लिए दिव्यांगता की चिह्नांकित श्रेणियों का उल्लेख किया गया था। उक्त अधिसूचना के अनुसार सहायक शिक्षक पद के लिए पूर्ण दृष्टिबाधित (बी) श्रेणी का चिह्नांकन नहीं किया गया था। इसी आधार पर भर्ती के विस्तृत विज्ञापन में दिव्यांगता के आरक्षित पदों का निर्धारण किया गया तथा पूर्ण दृष्टिबाधित श्रेणी को शामिल नहीं किया गया। इसके बाद समाज कल्याण विभाग द्वारा 11 सितंबर 2026 को संशोधित अधिसूचना जारी की गई, जिसमें सहायक शिक्षक पद के लिए पूर्ण दृष्टिबाधित (बी) श्रेणी को भी शामिल किया गया। संशोधित अधिसूचना जारी होने से पहले सहायक शिक्षक भर्ती का संक्षिप्त एवं विस्तृत विज्ञापन जारी किया जा चुका था और ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी थी। ऐसी स्थिति में संशोधित अधिसूचना के आधार पर पूर्ण दृष्टिबाधित श्रेणी को वर्तमान भर्ती प्रक्रिया में शामिल करना विधिक एवं व्यावहारिक रूप से संभव नहीं था।

आरपीएफ स्थापना दिवस की तैयारियां अंतिम चरण में, आज फुल ड्रेस रिहर्सल





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आरपीएफ के 42वें स्थापना दिवस समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। शुक्रवार को आरपीएफ जवानों ने परेड मार्च का अभ्यास किया। इस दौरान रेलमंत्री द्वारा दिए जाने वाले सम्मान समारोह का भी पूर्वाभ्यास किया गया। शनिवार को अंतिम रिहर्सल होगी। समारोह 12 अक्टूबर को सुबह 10 से 11.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसमें रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ आरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। आयोजन में हिस्सा लेने के लिए देशभर से आरपीएफ जवान रायपुर पहुंच रहे हैं।

परेड में कमांडो प्लाटून, डॉग स्क्वॉड भी

शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल पर पंडाल लगाने से लेकर सुरक्षा व्यवस्था तक की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। परेड में कमांडो प्लाटून के साथ डॉग स्क्वॉड भी शामिल होंगे। समारोह के दौरान आरपीएफ के अधिकारियों और जवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव पहली बार रायपुर पहुंच रहे हैं। इसे देखते हुए आरपीएफ समारोह को खास बनाने के लिए विशेष तैयारियां कर रही है। दूसरी ओर रेलवे प्रशासन ने भी मंडल के स्टेशनों को चमकाने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर जोर दिया है।

अब कहलाएंगे औषधि नियंत्रक अधिकारी, अन्य राज्यों में भी बदल रहा पदनाम

रायपुर। दवाओं की गुणवत्ता की जांच की जिम्मेदारी निभाने वाले औषधि निरीक्षक का पदनाम बदल गया है। उन्हें अब औषधि नियंत्रक प्राधिकारी के रूप में जाना जाएगा। औषधि निरीक्षकों का पदनाम अन्य राज्यों में भी बदला जा रहा है। इसका असर उन्हें प्राप्त होने वाले वेतन अथवा अन्य भत्तों पर नहीं होगा।

राज्य शासन ने इस संबंध में दो दिन पहले आदेश जारी किया है। राजस्थान और यूपी में यह प्रक्रिया पूरी की जा रही है और कई राज्य यह काम पूरा कर चुके हैं। जानकारों का कहना है कि औषधि निरीक्षकों का काम केवल दवा दुकान अथवा कंपनियों के निरीक्षण तक सीमित नहीं रह गया है। आज के समय में वे दवाओं के गुणवत्ता नियंत्रण, विनिर्माण लाइसेंस की जांच, कानूनी कार्रवाई और संपूर्ण बाजार में दवाओं के नियमन व नियंत्रण का काम संभालते हैं। इसलिए 'नियंत्रक' शब्द उनके वास्तविक काम को बेहतर तरीके से दर्शाता है। 'निरीक्षक' शब्द से कई बार समाज और उद्योग जगत में यह संदेश जाता है कि यह केवल एक जांच करने वाला फील्ड-स्तर का कर्मचारी है। इसके विपरीत, 'नियंत्रक' या 'नियंत्रण अधिकारी' पदनाम से पद की प्रशासनिक गरिमा और अधिकार स्पष्ट होते हैं, जिससे नियमों को सख्ती से लागू करवाने में मदद मिलती है।

छात्राओं के प्रदर्शन के बाद हरकत में प्रशासन, लगेगी नई वेंडिंग मशीन

टूटेगी डिग्री गर्ल्स की 60 साल पुरानी बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



हरिभूमि फॉलोअप

छात्राओं के विरोध-प्रदर्शन के बाद डिग्री कॉलेज प्रबंधन हरकत में आ गया है। महाविद्यालय प्रबंधन ने उच्च शिक्षा संचालनालय को खत भेजकर परिसर की व्यवस्थाओं और भावी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.जया तिवारी ने बताया, महाविद्यालय का मुख्य भवन लगभग 60 वर्ष पुराना हो चुका है, जिसे लोक निर्माण विभाग द्वारा डिस्मेंटल करने का प्रस्ताव दिया गया है। इसके साथ ही संस्थान की ओर से पूरे महाविद्यालय का विस्तृत रिनोवेशन कराने हेतु एक विशेष प्रस्ताव संचालनालय उच्च शिक्षा को भेजा गया है। छात्राओं की दैनिक सुविधाओं और हाइजीन का ध्यान रखते हुए कॉलेज प्रशासन कई स्तरों पर कार्य कर रहा है। परिसर में पेयजल के लिए 7 वाटर कूलर स्थापित किए गए हैं, जिनमें से एक खराब वाटर कूलर की तत्काल मरम्मत कराई जा रही है। स्वच्छता और हाइजीन के मानकों को देखते हुए वाटर कूलर के पास गिलास नहीं रखे गए हैं। इसके अलावा, पुरानी सेनेटरी वेंडिंग मशीन के अनुपयोगी होने के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर के समन्वय से 03 नई वेंडिंग और डिस्पोजल मशीनें अति-शीघ्र स्थापित करने की योजना है।

कॉलेज का कहना, बैठक क्षमता पर्याप्त

महाविद्यालय प्रबंधन का कहना है, छात्राओं के अध्ययन और कक्षाओं के वातावरण को बेहतर बनाए रखने के लिए सभी कमरों में पर्याप्त पंखे व ट्यूब लाइट उपलब्ध हैं, और किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी आने पर उन्हें तुरंत दुरुस्त किया जाता है। साथ ही पर्याप्त संख्या में मौजूद शौचालयों एवं कक्षाओं की नियमित साफ-सफाई के लिए सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई है। शैक्षणिक गतिविधियों को मजबूती देने के लिए कॉलेज का समृद्ध ग्रंथालय 60 हजार से अधिक पुस्तकों के साथ आधुनिक सॉफ्टवेयर व अन्य सुविधाएं हैं, जहां छात्राओं के बैठने की समुचित प्रबंध है। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि छात्राओं को हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संस्थान पूरी तरह प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि गुरुवार को कॉलेज की सैकड़ों की छात्राओं ने सड़क पर प्रदर्शन किया। छात्राओं का आरोप है कि महाविद्यालय में पानी की व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा वेंडिंग मशीन, लाइब्रेरी की बैठक क्षमता को लेकर भी उन्होंने शिकायत की थी।

तीन साल की मासूम से रेप एम्स का सुरक्षाकर्मी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एम्स के सुरक्षाकर्मी को पुलिस ने तीन साल की बच्ची के साथ रेप करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी तथा बच्ची का परिवार पूर्व परिचित हैं। बच्ची आरोपी के बच्चों के साथ उसके घर में खेलने गई थी। इस दौरान आरोपी ने बच्ची के साथ गलत हरकत की। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

बच्ची के साथ रेप के आरोप में पुलिस ने परमानंद ध्रुव को गिरफ्तार किया है। उसके परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि बच्ची शुक्रवार को आरोपी के बच्चों के साथ उसके घर खेलने गई थी। इस दौरान आरोपी ने बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर उसके साथ गलत हरकत की। परिजनों को बच्ची के साथ घटना की जानकारी बच्ची के रोने तथा प्राइवेट पार्ट में ब्लड देखने के बाद हुई। पूछताछ करने पर बच्ची ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन परमानंद के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। बताया जा रहा है, आरोपी आदतन नशेड़ी है। ऐसे में सवाल उठता है कि सिक्योरिटी एजेंसी किसी नशेड़ी को सुरक्षागार्ड जैसे महत्वपूर्ण काम पर कैसे रख ली?

सड़क सुरक्षा-यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने एनएचएआई ने की कार्रवाई

मैग्नेटो मॉल के सामने अवैध एंट्री बंद, जाम से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में तेलीबांधा से लभांडी मुख्य मार्ग पर मैग्नेटो मॉल के सामने गाड़ियों की सर्विस रोड से आवाजाही होने के कारण हर दिन यहां जाम लग रहा था। सबसे ज्यादा जाम शाम 5 बजे से लेकर रात 9 बजे के दौरान यहां लगता है, जिसके कारण आम लोगों के साथ इमरजेंसी सेवाओं से जुड़ी एंबुलेंस, पुलिस वाहन सहित एयरपोर्ट जाने वाली गाड़ियां भी इसमें फंसती रही हैं। इसे देखते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने अब इस अनाधिकृत एंट्री को बंद करा दिया है। इसके लिए इस रोड के बीच में कट वाली जगह पर टीन की रेलिंग लगा दी गई है, ताकि वाहन मैग्नेटो मॉल के सामने मुख्य सड़क से सर्विस रोड पर एंट्री न कर सकें।



भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने एनएचएआई भी अब अतिक्रमण एवं अनाधिकृत प्रवेश मार्गों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में रिंगरोड नंबर-1 पर मैग्नेटो मॉल के सामने मुख्य सड़क से सर्विस रोड के बीच कट को बंद कर दिया है।

सड़क सुरक्षा-सुगम करना प्राथमिकता

आलोक कुमार ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों ने सार्वजनिक सड़कों को सुरक्षित और सुगम बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया है। इसके तहत राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और यातायात को सुगम बनाए रखना एनएचएआई की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अनाधिकृत प्रवेश मार्गों और अतिक्रमण के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्गों पर अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

पैचवर्क रिपेयरिंग का काम भी जारी

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क की स्थिति बेहतर बनाए रखने और वाहन चालकों की सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पैचवर्क रिपेयरिंग का कार्य भी लगातार किया जा रहा रहा है। सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्सों एवं गड्ढों की पहचान कर आवश्यक मरम्मत की जा रही है, ताकि सड़क की स्थिति बेहतर बनी रहे और वाहन चालकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।



हरिभूमि

रायपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत अग्रवाल सभा द्वारा शुक्रवार को छोकरा नाला के पास स्थित श्री अग्रसेन धाम में रंग-बिरंगी लाइटों से सजाए गए मंच पर किड्स एवं युवा-युवती मंडल के प्रतिभागियों ने नृत्य एवं फैशन का जलवा बिखेरा। इस महोत्सव में प्रतिभागियों का हौसला आफजाई करने के लिए दर्शक दीर्घा में समाज के लोगों की मौजूदगी ने जहां गरिमा प्रदान की, वहीं महिला सम्मेलन के चलते सुबह से शाम तक मंच पर कई रंग बिखरे। इसका लुत्फ उठाने के लिए उपस्थित समाज प्रमुखों ने भी कसर नहीं छोड़ी।

अग्रसेन जयंती महोत्सव में किड्स एवं महिला सम्मेलन की दिनभर रही धूम, आयोजन में शामिल हुआ समाज

नृत्य और फैशन से प्रतिभागियों ने बिखेरा जलवा सम्मेलन में समाज की महिलाओं ने सजाया मंच

रायपुर। आयोजनों की श्रृंखला में युवती मंडल, युवा मंडल एवं महिला मंडल की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। जिनके माध्यम से बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। धार्मिक एवं पौराणिक ज्ञान, नृत्य, फैशन तथा महिलाओं की सहभागिता पर केंद्रित इस आयोजन में समाजजनों ने उत्साह से भाग लिया। इसमें युवती मंडल ने दोपहर को धर्मक्षेत्र प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें 18 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पौराणिक विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में विजन राउंड, एक्टिविटी राउंड एवं ऑडियो-विजुअल राउंड शामिल किया। इसका उद्देश्य युवाओं को भारतीय संस्कृति, इतिहास एवं धार्मिक परंपराओं से जोड़ना था। वहीं युवा मंडल ने शाम 4 बजे किड्स को मंच पर प्रस्तुति देने का अवसर दिया। इसमें एक वर्ष से 8 वर्ष तक के बच्चों के लिए किड्स फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में शिरकत करने का अवसर दिया। महिला मंडल द्वारा शाम 6 बजे महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।





महिला मंडल द्वारा किया गया सम्मेलन का आयोजन

इसमें आयु एवं वैवाहिक श्रेणियों में प्रतियोगिता रखी गई थी। प्रथम वर्ग में 14 वर्ष से अधिक आयु की अविवाहित युवतियों तथा दूसरे वर्ग में विवाहित महिलाओं ने भाग लिया। इसमें प्रतिभागियों ने निर्धारित समय सीमा में अपनी प्रस्तुतियां देते हुए उत्साह से सहभागिता की। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को मंच प्रदान करना तथा उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना था। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने कहा कि अग्रसेन जयंती महोत्सव समाज की एकता, संस्कृति एवं परंपराओं को सशक्त बनाने का अवसर है। ऐसे आयोजन बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते और समाज की नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से भी जोड़ते हैं। इस जयंती महोत्सव के प्रभारी राजेश हेलिवाल, मीडिया प्रभारी योगेश अग्रवाल और उदित अग्रवाल ने कहा कि आयोजन के माध्यम से समाज की प्रतिभा को आगे लाने के साथ सामाजिक सहभागिता और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

शिव-महाकाली प्रसंग के साथ नृत्यों से प्रतिभागियों ने सजाया मैक फिएस्टा



शिव और महाकाली प्रसंग के साथ मनमोहक नृत्यों से प्रतिभागियों ने शुक्रवार को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे के बीच ऐसी धूम मचाई, जिसने दर्शक दीर्घा में मौजूद लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। पौराणिक अभिनय के साथ नृत्य कॉम्पिटिशन के चलते महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में आयोजित मैक फिएस्टा में प्रतिभागियों ने कई रंग बिखेरा। दर्शकों ने भी हर प्रस्तुति का लुत्फ उठाते हुए सभी को उत्सव का माहौल दिया। मैक फिएस्टा के अंतर्गत पौराणिक अभिनय एवं नृत्य प्रतियोगिताओं ने प्रतिभा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का शानदार रंग बिखेरा। पौराणिक अभिनय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से प्राचीन कथाओं और पौराणिक पात्रों को जीवंत किया। वहीं नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी ऊर्जा, लय और शानदार कला का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मनोरंज के संगम में सभी शामिल करने का प्रयास किया। दोनों प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, समर्पण और कलात्मक प्रतिभा को भी प्रदर्शित करते हुए उत्सव को यादगार बनाया।



सिटी इवेंट

बच्चों के ग्रोथ की आटोमेटिक माप और रिकॉर्ड बताने वाली मशीन का किया अविष्कार



रायपुर। एनआईटी के में छोटे बच्चों की ऊंचाई, वजन और कुपोषण की स्थिति मापक आटोमेटिक मशीन का अविष्कार किया गया है।संस्थान के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के शोधार्थी छात्र नीरज कुमार देवांगन ने यह नवाचार किया है। यह मशीन अब छत्तीसगढ़ की आंगनवाड़ियों में बच्चों का वजन और ऊंचाई, कुपोषण की स्थिति सेकंड भर में बताएगी। बता दें कि आंगनबाड़ियों में बच्चों का वजन और ऊंचाई, कुपोषण की स्थिति हाथ से नापकर रजिस्टर या ऐप में लिखी जाती है। इसमें समय लगता है और गलतियां होती हैं। इसी समस्या को एनआइटी के शोधार्थी छात्र नीरज ने अपने शोध का विषय चुना और उस पर रिसर्च में जुट गए। एनआइटी में पीएचडी के शोधार्थी छात्र नीरज का शोध कार्य का शीर्षक डिजाइन एंड डेवलपमेंट ऑफ लोरा असिस्टेड आईओटी इनेबल्ड रियल टाइम डेटा कलेक्शन फ्रेमवर्क फॉर चाइल्ड ग्रोथ मॉनिटरिंग एट रिमोट ट्राइबल आं ग न बा ड़ी रहा। इसी के अंतर्गत उन्होंने यह प्रणाली का अविष्कार किया। यह मशीन बच्चों के ग्रोथ रेट मापने का काम अपने-आप करती है, इसमें मैनुअल कुछ भी माप या रिकार्ड दर्ज नहीं करना पड़ता और सबसे बड़ी खासियत है कि यह इंटरनेट न हो तब भी सुचारू रूप से कार्य करती है। इसका डेटा क्लाउड पर सुरक्षित रहता है और प्रिंट-आउट में बच्चे की ऊंचाई, वजन और कुपोषण की स्थिति दिखती है।

एनआईटी सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के शोधार्थी छात्र नीरज कुमार देवांगन ने यह नवाचार किया

मशीन की प्रमुख विशेषताएं ऐसा

मापक मशीन कुछ सेकंड में वजन और ऊंचाई की माप करने में सक्षम है। वहीं बच्चे की पहचान और हाजिरी अपने-आप बिना इंटरनेट डेटा आगे पहुंचता है। हर बच्चे में 5-8 मिनट की जगह अब 1 मिनट से कम समय में आटोमेटिक मापन संभव। पिछले महीनों के आंकड़ों से एआई की सहायता से अनुमान कि कौन-सा बच्चा आगे कुपोषित हो सकता है।

आदिवासी क्षेत्रों के आंगनबाड़ियों में सफल प्रयोग

यह आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, पोषण पुनर्वास केंद्र, वीएचएनडी और आरबीएसके को समय पर सही आंकड़े देगी। आदिवासी आंगनबाड़ियों में परीक्षण सफल रहा और हजारों बच्चों के आंकड़ों पर अनुमान बहुत सटीक निकला। इस कार्य में इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के आदित्य बघेल का बहुमूल्य सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा।

कार्नर न्यूज

फ्री हैंड रंगोली में छात्राओं ने उकेरा प्रकृति और संस्कृति का अनूठा प्रतिबिंब

रायपुर। कालीबाड़ी स्थित गुरुकुल महिला महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में सुबह 9.30 बजे आयोजित प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें कुल 60 छात्राओं ने अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता की थीम 'फ्री हैंड रंगोली' रखी गई। सभी प्रतिभागियों ने अलग-अलग विषयों एवं थीम पर आकर्षक रंगोलियां बनाकर अपनी कलात्मक प्रतिभा, कल्पनाशीलता तथा रंगों के सुंदर संयोजन का परिचय दिया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं की प्रस्तुतियों में विविधता, मौलिकता और सृजनात्मकता देखने को मिली। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. दीपशिखा शर्मा एवं डॉ. टीनू दुबे उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों की कलात्मक अभिव्यक्ति, रचनात्मकता, रंगों के संयोजन एवं समग्र प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीसीए पंचम सेमेस्टर छात्रा अवेदा खातून रही। वहीं द्वितीय स्थान पर बीएससी, द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा निकिता कावरे तथा तृतीय स्थान बीकॉम प्रथम सेमेस्टर मानसी साहू ने प्राप्त किया। इसके अलावा छात्रा भूमिका वर्मा एमकॉम प्रथम सेमेस्टर को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।



प्रतिभा एवं उत्साह की सराहना

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या गुप्ता ने छात्राओं की प्रतिभा एवं उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां छात्राओं की कलात्मक क्षमता को विकसित करने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, सौंदर्यबोध एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करती हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं की सहभागिता रही। प्रतियोगिता ने छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा कला के माध्यम से अपने विचारों और भावनाओं को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान किया।

छात्रों एवं शिक्षकों ने जाना तनाव प्रबंधन और स्वस्थ रिश्तों का महत्व

रायपुर। सांस्कृतिक विवेकानंद उत्कर्ष परिषद द्वारा "स्ट्रेस मैनेजमेंट एवं रिलेशनशिप" विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह आयोजन विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के असवर पर वीएलएम स्कूल सुंदर नगर में किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रसिद्ध साइकोलॉजिस्ट दीप्ति दुबे रहीं। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को तनाव प्रबंधन की प्रभावी तकनीकें तथा स्वस्थ रिश्तों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

व्याख्यान में उन्होंने व्यावहारिक सुझाव और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाले महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया। कार्यक्रम की सफलता में वीएलएम स्कूल की प्रिंसिपल मीनाक्षी, डायरेक्टर महोदय तथा सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सांस्कृतिक विवेकानंद उत्कर्ष परिषद परिवार उनके सहयोग एवं आतिथ्य के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता है। यह आयोजन युवा पीढ़ी में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास साबित हुआ।



कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भक्तिमय सांस्कृतिक माहौल में शहरभर में 11 से उत्सव का भव्य आगाज

गरबा नाइट्स के लिए सजने लगे मैदान, बीटीआई ग्राउंड और अवधपुरी मैदान में डांडिया खेलने लोग उत्साहित

रायपुर। शारदीय नवरात्रि पर गरबा नाइट्स के लिए शहर की मैदानें, क्लब, मॉल और सोसायटियां सजने लगे हैं। इस बार शहर के इंडोर स्टेडियम, वीआईपी रोड और विभिन्न बिजनेस पार्कों व मॉल्स में कई बड़े और भव्य आयोजनों की रूपरेखा तैयार की गई है, जिनमें बड़ी संख्या में शहरवासी पारंपरिक परिधानों में रास-गरबा के बीट पर डांडिया खेलने का आनंद लेंगे। रास गराब उत्सव का भव्य आगाज 11 अक्टूबर से होगा और यह 19 अक्टूबर तक चलेगा। इसके मद्देनजर आयोजक समितियां गरबा नाइट्स के लिए निर्धारित शहर की मैदानें, क्लब, मॉल और सोसायटियां पर साज सजावट की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं, ताकि गरबा नाइट्स में पहुंचने वाले प्रतिभागियों को उत्सव का पूरा आनंद मिल सके। आयोजन स्थलों पर मुख्य गरबा डांस एरिया, दर्शक दीर्घा, भव्य मंच, फूड्स जोन, पास काउंटर्स, सुरक्षा, पार्किंग जैसे जरूरी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर प्रतिभागी भी गरबा के 7 ताली, घोड़ा रास, पोपट, चौंकड़ी- छकड़ी जैसे लोकप्रिय बेसिक डांस स्टेप्स का प्रशिक्षण पूरा कर चुके हैं। हर साल की तहर इस साल भी समितियां अपने रास गरबा में अधिक से अधिक प्रतिभागियों को आकर्षिकत करने एक से बढ़कर एक मनोरंजन, उपहार, स्वाद आदि के आकर्षण रख रहे हैं। शहर में होने वाले खास और बड़े रास गरबा आयोजन कुछ इस प्रकार हैं।



आईएनएच-हरिभूमि रास गरबा एवं भजन डांडिया का भव्य आगाज 17 से

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर आईएनएच-हरिभूमि रास गरबा एवं भजन डांडिया का भव्य आगाज 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक ललित महल में होगा। कार्यक्रम का संयोजन पिछले 25 वर्षों से कर रहे अनिल जोतसिंघानी ने बताया कि कार्यक्रम में श्रद्धालुओं एवं दर्शकों के लिए कई विशेष आकर्षण शामिल किए गए हैं। सुप्रसिद्ध लाइव बैंड की धुनों पर डांडिया और गरबा की प्रस्तुतियां होंगी। स्थानीय लोक-कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ी फोक, लोकगीतों का विशेष आकर्षण रहेगा। इस वर्ष सुरक्षा को लेकर स्थानीय प्रशासन और संगठनों द्वारा गरबा आयोजनों के लिए कड़े सुरक्षा नियम लागू किए गए हैं। शहर के सभी बड़े आयोजनों में ड्रेस कोड तय किया गया है। ऐसे में केवल पारंपरिक परिधान जैसे चनिया-चोली या कुर्ता-पायजामा में ही प्रवेश की अनुमति होगी। सभी पंडालों और मैदानों में सीसीटीवी कैमरे, पार्किंग मैनेजमेंट और पर्याप्त संख्या में महिला एवं पुरुष सुरक्षा गार्डों की तैनाती अनिवार्य की गई है।

बीटीआई ग्राउंड पर आयोजन की तैयारी शुरू

शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में संकल्प नवरात्रि एवं रास गरबा उत्सव समिति द्वारा भव्य नवरात्रि एवं रास गरबा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति की बैठक संयोजक संजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई है। बैठक में नवरात्रि उत्सव की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं आयोजन की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उत्सव को भव्य, व्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण बनाने के लिए विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया तथा सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा, रास गरबा आयोजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर समिति की टीम द्वारा विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई।

शहर के दूसरे टॉप गरबा नाइट्स यहां पर

अवधपुरी मैदान श्रीनगर गुढ़ियारी में 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक पूरे 9 दिन रास गरबा का भव्य आयोजन हो रहा है। यहां की आकर्षण नॉन-स्टॉप पारंपरिक गुजराती गरबा धुनों का क्रेज रहेगा। वहीं 11 अक्टूबर से ही द सोल गार्डन में भी गरबा नाइट्स की धूम मचेगी। यहां का आकर्षण फूड, शॉपिंग और उत्सव के माहौल के साथ युवाओं को आकर्षित करेगा। श्रीराम बिजनेस पार्क में 16, 17 और 18 अक्टूबर से आयोजन हो रहे हैं, जहां लाइव डीजे, गरबा म्यूजिक, फूड जोन, फोटो जोन और सेलिब्रिटी आइकन आकर्षण रहेगा। राम मंदिर के सामने, रामबाग, वीआईपी रोड पर 14 से 19 अक्टूबर तक आयोजन किया गया है, जहां का आकर्षण बॉलीवुड सिंगर रिनी चंद्रा की परफॉर्म रहेगी। इसके साथ ही 16 से 19 अक्टूबर तक इंडोर स्टेडियम बूढ़ातालाब में मौसम की फिक्र किए बिना भव्य स्तर पर डांडिया और मस्ती का धमाल मचा सकेंगे।

सिटी लाइव

एकल-ग्रुप डांस से छात्राओं ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा



रायपुर। शहर के गांधी चौक स्थित महंत लक्ष्मी नारायण दास कॉलेज में शुक्रवार को उत्सव का माहौल रहा। सांस्कृतिक मंच पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस का उत्साह भी एकल एवं ग्रुप डांस के रूप में देखने को मिला। सांस्कृतिक छटा में अभी उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. टीएल चंद्रा, निदेशक फोरेंसिक विभाग, मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी ने की। आयोजन में कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसे उपस्थित अतिथियों से प्रशंसा मिली। वहीं सांस्कृतिक आयोजन से पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ चंद्र ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना का मूल उद्देश्य सामाजिक सद्भावना को बढ़ाना है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में बेहतर काम किया

इस क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत साहू ने कहा कि कॉलेज से निरंतर मिलते सपोर्ट के कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश के अलग-अलग जिलों और गांवों में जाकर राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राएं हरियाली, स्वच्छता, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण कार्यों में भाग लेते और बच्चों सहित बुजुर्गों माता-पिता सहित अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का कार्य करते रहे हैं। एक मिसाल पेश करने का प्रयास करते हैं। महंत कॉलेज के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में बेहतर काम किया है। इसके बाद मंच पर भी राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और सभी की प्रशंसा प्राप्त की।

धर्म लाइव

मन की शुद्धि से प्रशस्त होगा आत्मकल्याण का मार्ग



रायपुर। विवेकानंद नगर स्थित श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में जारी सर्वमंगलमय वर्षावास में शुक्रवार को मुनिश्री संवेगरत्न सागरजी म.सा. ने धर्मसभा में समझाया कि लोभ ध्यान से बचने के लिए मन पर नियंत्रण जरूरी है। केवल बाहरी आचरण या ध्यान की मुद्रा अपना लेने से आत्मकल्याण नहीं होता, इसके लिए अंतर्मन की शुद्धि आवश्यक है। आचार्य वीरभद्राचार्य रचित आतुर प्रत्याख्यान ग्रंथ के माध्यम से मुनिश्री ने समझाया कि मन कब, कहां और किस दिशा में जा रहा है, इसका बोध होना चाहिए। मन का भटकाव ही लोभ को बढ़ाता है। मन में मलिनता हो तो परमात्मा की वाणी सुनने के बाद भी उसका प्रभाव अंतर्मन तक नहीं पहुंचता। अशुद्ध दृष्टिकोण के साथ की गई आराधना भी संसार भ्रमण का कारण बन सकती है। मुनिश्री ने कहा कि आत्मा ने अनंत बार संयम जीवन अंगीकार किया होगा, लेकिन आत्मकल्याण के लिए मन की शुद्धि जरूरी है। केवल बाहरी आचरण से विकार दूर नहीं होते।

आसन लगाना ही ध्यान नहीं

मुनिश्री ने कहा कि जीवन में केवल पुष्टि नहीं, शुद्धि को लक्ष्य बनाना चाहिए। अंतर्मन निर्मल नहीं होगा तो सद्गति का मार्ग भी कठिन हो जाएगा। पुष्टि को लक्ष्य बनाने से संसार का विस्तार होता है, जबकि शुद्धि का लक्ष्य आत्मकल्याण की दिशा में ले जाता है। मुनिश्री ने ध्यान के महत्व पर कहा कि केवल आसन लगाकर शरीर स्थिर कर लेना ध्यान नहीं है। चित्तवृत्तियों पर नियंत्रण और मन की गतिविधियों पर चौकसी ही वास्तविक ध्यान है। साधक को मन की शुद्धि के लिए प्रयास करना चाहिए। अंतर्मन शुद्ध होने पर आत्मा की उन्नति का मार्ग स्वतः प्रशस्त होता है।

समाज इवेंट

कृषि विवि में बीएससी कृषि की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 14 से

रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीएससी (ऑनर्स) कृषि पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 14 से 16 अक्टूबर तक काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। नई शिक्षा नीति-2020 के तहत पीएटी और कक्षा 12वीं की योग्यता के आधार पर अभ्यर्थियों को प्रवेश का अवसर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के अनुसार, काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीयन और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने की प्रक्रिया 12 अक्टूबर की रात 11:30 बजे तक पूरी करनी होगी। जिन अभ्यर्थियों का शुल्क भुगतान असफल रहा है, वे 13 अक्टूबर की रात 11:30 बजे तक दोबारा शुल्क जमा कर सकेंगे।

तीन दिन चलेगी काउंसिलिंग

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 14 अक्टूबर को पंजीकृत पीएटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों, 15 अक्टूबर को कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों और 16 अक्टूबर को कक्षा 12वीं उत्तीर्ण अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी। दस्तावेज सत्यापन, प्रावीण्य सूची जारी करने, सीट आवंटन और शुल्क जमा करने की प्रक्रिया के लिए अभ्यर्थियों को कृषि महाविद्यालय, रायपुर में उपस्थित होना होगा। ऑफलाइन काउंसिलिंग की प्रक्रिया प्रतिदिन सुबह 9 बजे से निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर आवश्यक मूल दस्तावेज और शुल्क भुगतान संबंधी विवरण लेकर उपस्थित होने की सलाह दी है।

छत्तीसगढ़ आदिवासी कंवर समाज ने मनाया करमा तिहार, प्रदेशभर से पहुंचे कलाकार

करमा देव की पूजा-अर्चना कर सुनाई कथा, पारंपरिक गीतों पर जमकर थिरके आदिवासी कलाकार

छत्तीसगढ़ आदिवासी कंवर समाज के युवा प्रभाग महानगर इकाई की ओर से इंडोर स्टेडियम में करमा तिहार मनाया गया। आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आदिवासी समाज के नेता और बड़ी संख्या में कलाकार शामिल हुए। कार्यक्रम में करमा देव की विधिवत पूजा की गई। इसके साथ ही लोगों को करमा देवता की कथा भी सुनाई।



रायपुर। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपनी धर्मपत्नी कौशल्या साय के साथ पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा नेता नंदकुमार साय सहित आदिवासी समाज से जुड़े कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आदिवासी समाज का इतिहास गौरवशाली है और सभी को अपने पूर्वजों की परंपराओं और इतिहास को जानना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्वजों और देवी-देवताओं के आशीर्वाद से उन्हें मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला है। शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल सरकारी नौकरी पाने के लिए नहीं, बल्कि एक अच्छा इंसान और बेहतर मानव बनने के लिए भी जरूरी है।



समाज के लिए तीन बड़ी घोषणाएं

करमा तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाज के विकास और सुविधाओं के लिए तीन घोषणाएं कीं। उन्होंने करमा महोत्सव के आयोजन के लिए हर साल 10 लाख रुपए का शासकीय सहयोग देने की घोषणा की। इसके अलावा टाटीबंध स्थित समाज के भवन के जीर्णोद्धार के लिए 25 लाख रुपए और कोरबा में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 50 लाख रुपए देने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि हर साल की तरह इस बार भी करमा तिहार का आयोजन बहुत अच्छा रहा। कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति, परंपरा और सामुदायिक एकजुटता की झलक देखने को मिली।



मांदर की थाप पर थिरके कदम, करमा गीतों ने बांधा समां

कार्यक्रम में विधायक अनुज शर्मा ने करमा गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय भी कलाकारों के साथ नृत्य करती नजर आईं। वहीं, कंचन जोशी ने आदिवासी गीतों की प्रस्तुति देकर कलाकारों और कार्यक्रम में शामिल लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कलाकारों ने पारंपरिक गीतों के साथ अपने वाद्ययंत्रों की धुन से समां बांधे रखा। मांदर की थाप पर लोग गोल घेरा बनाकर कलाकारों के साथ नृत्य करते नजर आए। पूरे आयोजन में आदिवासी संस्कृति और लोकपरंपराओं की जीवंत झलक देखने को मिली।



गर्मी में वीरान, बरसात में गुलजार...





रायपुर। मौसम बदलते ही बदल जाता है गोड़ी गांव के खैर जंगल का रंग-रूप। गर्मी में पत्तियां झड़ने और टहनियां सूखने से हजारों पेड़ों वाला यह जंगल सूखा नजर आता है, लेकिन बरसात में नई पत्तियां और हरियाली इसे फिर से जीवंत बना देती हैं। अप्रैल और अक्टूबर की तस्वीरों में प्रकृति के इसी बदलाव की झलक दिखाई देती है।

शहीदों और अज्ञात पितरों को महिलाओं ने किया पितृ तर्पण



रायपुर। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज ने महादेव घाट में पितृ तर्पण किया। यह विशेष इसलिए रहा कि यहां उन पूर्वजों का श्राद्ध किया गया, जिन्होंने देश के लिए अपनी जान कुर्बान किया। 1947 से लेकर देशभर में आतंकी और नक्सली हमले में जितने अफसर-जवान शहीद हुए हैं, उनके नाम से अनुष्ठान किया गया। वैसे तो सर्व ब्राह्मण समाज 2008 से शहीदों का श्राद्ध करता आ रहा है, लेकिन 2019 से समाज के पुरुषों ने नहीं बल्कि महिला पदाधिकारियों ने अनुष्ठान करने का दायित्व निभा रही है। महिलाओं द्वारा श्राद्ध करने का यह नवम वर्ष है। गुरुवार को सुबह समाज की सभी महिलाएं महादेव घाट पहुंची। खारून नदी में शहीदों को तर्पण किया। इसके बाद देश की आजादी से पहले शहीद हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम से भी विविध अनुष्ठान किए गए। सभी शहीद पितरों का आह्वान करके महिलाओं ने उन्हें चावल, तिल, गुड़, दाल आदि अर्पण किया।

ताकि महिलाओं को समानता का अधिकार मिले

इस दौरान पंडितों का दल भी मौजूद रहा, जिन्होंने मंत्रो का उच्चारण करते हुए विधिवत अनुष्ठान कराए। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया कि दुनियाभर में महिलाएं तेजी से हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। अब भी कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां महिलाओं को समानता नहीं मिली है। इसी दिशा में प्रयास करते हुए लगातार नौवें वर्ष महिलाओं ने शहीदों का श्राद्ध किया, ताकि महिलाओं को प्रोत्साहन व समानता का अधिकार मिल सके। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा के साथ महादेव घाट परिक्षेत्र महिला मंच अध्यक्ष रत्ना शर्मा, वीणा तिवारी, शशि पांडे, वैजयंती चतुर्वेदी, पुष्पा तिवारी, श्रद्धा पांडे, नीतीश शुक्ला, खुशी पांडे, सोनम पांडे प्रमुख रूप से शामिल हुई।

राष्ट्रीय डाक दिवस पर विशेष : जरूरत के लिहाज से छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद डाक सेवाएं हुईं डिजिटल

एडवांस पोस्टल टेक्नालॉजी, डाक निर्यात सहित कोर बैंकिंग के साथ आधुनिक सुविधाओं से लैस हुईं सेवाएं

कार्नर न्यूज

रायपुर। जिस तरह से लोगों की जरूरत बदली, उसी अंदाज में डाक विभाग ने सेवाओं और सुविधाओं में भी बदलाव किया है। ग्राहक सेवा की बेहतरी के लिए लोगों को अब एडवांस पोस्टल टेक्नालॉजी, डाक निर्यात सहित कोर बैंकिंग के साथ आधुनिक सुविधाओं से सेवाएं भी लैस हुई हैं। लाइन में लगाने से बचाने के लिए एटीएम सुविधा भी देने लगा है। इतना ही नहीं, लोग अपनों की पहचान बढ़ाने के लिए उनकी फोटोयुक्त डाक टिकट भी छपवाने लगे हैं। मालवीय रोड स्थित मुख्य डाकघर सहित सभी डाकघरों और उप डाकघरों के साथ शाखा डाकघरों में भारतीय डाक विभाग द्वारा राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाने की परंपरा है। 1874 में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन की स्थापना के साथ 10 अक्टूबर को राष्ट्रीय डाक दिवस की परंपरा लोगों एवं संस्थानों में डाक सेवाएं की भूमिका वैश्विक, सामाजिक और आर्थिक विकास में विभाग की अहम भूमिका रही है। सहायक डाकपाल के पद से सेवानिवृत्त हुए एसजेड रहमान ने बताया कि मुख्य डाकघर में समय के साथ कई सेवाएं बंद भी हुई।





समय और जरूरत के अनुरूप बदलीं सेवाएं

डाक कर्मियों ने बताया कि आधुनिक दौर के लिहाज से विभाग भी राज्य बनने के बाद डिजिटल सेवाओं से जुड़ा है। अब केवल चिट्ठी-पत्री ही नहीं, बल्कि ऑनलाइन बैंकिंग जैसी सेवाओं के चलते विभाग अब बैंकों की तरह सेवा देने लगा है। एडवांस पोस्टल टेक्नालॉजी, डाक निर्यात सहित कोर बैंकिंग, एक्सप्रेस पार्सल, खाता धारकों को एटीएम, आधार कार्ड में त्रुटि सुधार और बनाने की सुविधा देने के लिए काउंटर शुरू किया है। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक और इंश्योरेंस सेवा की वजह से लोग विभाग से अब भरोसे के साथ जुड़ते हैं। लोगों को अपनों की फोटो के साथ डाक टिकट छपवाने के बाद उसे पत्र व्यवहार में इस्तेमाल भी करने का अवसर विभाग देने लगा है।

50 लाख से ज्यादा खाते और 14 एटीएम

विभागीय सूत्रों ने बताया कि कोर बैंकिंग शुरू होने से खाता धारक भी तेजी से बढ़े हैं। यही कारण है कि 50 लाख से ज्यादा ग्राहक डाक विभाग से जुड़े हैं। इनके लिए प्रदेश में 14 एटीएम केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही लोगों को विभाग से जोड़ने के लिए पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस जैसी सेवाएं भी दी जाने लगी हैं। इन तमाम बदलाव के बीच विभाग में एक ही चीज ऐसी है, जो अभी तक नहीं बदली है। वह है, हर पोस्ट पर लगने वाला अलीगढ़ से बनकर आने वाला मुहर। इसके लिए अब भी डाक विभाग को डिमांड करना पड़ता है, तभी नया मुहर मिलती है। इसकी प्रक्रिया बहुत जटिल है, इसलिए विभाग के आला अधिकारी डिमांड की प्रक्रिया करते हैं।

सिटी स्पोर्ट्स

26वीं राज्य स्तरीय जूडो चैम्पियनशिप शुरू



रायपुर। बिलासपुर के सरकंडा स्थित खेल परिसर में 26वीं राज्य स्तरीय सब-जूनियर एवं कैडेट जूडो चैम्पियनशिप-2026 का शुभारंभ राज्यपाल रमेन डेका ने शुक्रवार को किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वाधान में बिलासपुर जूडो संघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य के 16 जिलों से 240 खिलाड़ी और प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हेमवती नाग, अभिषेक जायसवाल, शारदा गोस्वामी और योगिता मंडावी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल, छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, महासचिव शम्भू सोनी, बिलासपुर जिला जूडो संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र शुक्ला सहित अनेक पदाधिकारी व खिलाड़ी उपस्थित थे।



रविवि की महिला कबड्डी टीम का लगातार दूसरी बार चयन

रायपुर। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता में 38 टीमों के बीच पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम ने लगातार दूसरी बार अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया। टीम में चांदनी साहू, सुहानी साहू, तकेश्वरी साहू, ऋतिका साहू, लीना कश्यप, इन्द्राणी, अनामिका, चंदा, चांदनी, प्रेरणा, पुष्पांजलि, श्रुति, कविता भारती और कुमारी शामिल हैं। टीम मैनेजर प्यारेलाल साहू एवं कोच ढेहरीन ध्रुव के मार्गदर्शन में मिली इस सफलता पर कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल, डॉ. रीता वेणुगोपाल, प्रो. राजीव चौधरी और प्रो. सी. डी. अगाशे ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

अंतर्राष्ट्रीय जूनियर टेनिस स्पर्धा में तनिष्का बनीं डबल्स चैंपियन

रायपुर। जिबूती (पूर्वी अफ्रीका) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय आईटीएफ जे 30 जूनियर टेनिस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ की तनिष्का भटनागर ने जर्मनी की लुईसे लुकज़ाक के साथ जोड़ी बनाकर गर्ल्स डबल्स का खिताब जीता। फाइनल में इस जोड़ी ने स्वीडन की लो वि सा नेसेलियस और तुर्की की जेनेप आइल्युल बागदातली को 6-3, 6-4 से हराया। इसके साथ ही तनिष्का गर्ल्स सिंगल्स के फाइनल में पहुंचकर उपविजेता बनीं, जहां उन्हें हांगकांग की का हेई मा से 2-6, 0-6 से हार का सामना करना पड़ा। इस उपलब्धि के साथ तनिष्का अंतर्राष्ट्रीय आईटीएफ जे 30 प्रतियोगिता में डबल्स खिताब जीतने और सिंगल्स में उपविजेता बनने वाली राज्य की पहली खिलाड़ी बन गई हैं।



शालेय तीरंदाज़ी स्पर्धा में स्पोर्ट्स अकादमी का स्वर्णिम प्रदर्शन



रायपुर। न्यायधानी बिलासपुर के स्वर्गीय बी आर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कोच दुर्गेश नंदिनी गोस्वामी एवं श्रद्धा सोनवानी के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने 18 स्वर्ण सहित कुल 24 पदकों पर निशाना साधा। प्रतियोगिता में अंडर-14 रिकर्व में मिष्ठी सिन्हा ने तीन स्वर्ण, अंडर-14 कंपाउंड में संजय बारेठ ने तीन स्वर्ण, अंडर-17 रिकर्व में अविनाश कवड़े ने तीन स्वर्ण तथा भूमिका बारेठ ने तीन रजत पदक हासिल किए। वहीं अंडर-17 कंपाउंड में प्रज्ञा मंडावी ने तीन स्वर्ण और अंडर-19 कंपाउंड में राहुल उसेंडी ने तीन स्वर्ण, आर्य महोबिया ने तीन स्वर्ण तथा देविका साहू ने तीन रजत पदक जीतकर अकादमी का नाम रोशन किया।

तनावमुक्त जीवन के लिए आईआईटी गुवाहाटी ने बनाई डिवाइस

डायबिटीज कंट्रोल करना हुआ बेहद आसान, अब नई डिवाइस बताएगी क्या खाएं और क्या नहीं...

साइलेंट किलर मानी जाने वाली डायबिटीज (मधुमेह) आज वैश्विक स्तर पर एक बहुत बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बन चुकी है। बदलती जीवनशैली, खान-पान की गलत आदतों और शारीरिक सक्रियता की कमी के कारण यह बीमारी हर उम्र के लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में दुनियाभर में 53 करोड़ से अधिक लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं और वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यदि यही रफ्तार रही तो वर्ष 2050 तक यह आंकड़ा बढ़कर 130 करोड़ के पार पहुंच सकता है। इस बीमारी में सबसे बड़ी उलझन यह होती है कि मरीज क्या खाए और क्या न खाए, लेकिन अब एक नई तकनीक ने मरीजों की इस चिंता को हमेशा के लिए दूर कर दिया है।



ग्लाइसेमिक इंडेक्स और नई स्वदेशी डिवाइस की खोज

डायबिटीज के मरीजों के लिए अपने ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित रखना सबसे महत्वपूर्ण होता है और इसके लिए कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) वाले आहार का सेवन करने की सलाह दी जाती है। ग्लाइसेमिक इंडेक्स वास्तव में एक मापक पैमाना है जो यह दर्शाता है कि कोई विशेष खाद्य पदार्थ खाने के बाद हमारे रक्त में ग्लूकोज का स्तर कितनी तेजी से बढ़ता है। इसी समस्या का समाधान करते हुए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) गुवाहाटी के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर दीपांकर बंद्योपाध्याय के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने एक पोर्टेबल, सस्ती और बेहद सटीक 'पॉइंट-ऑफ-केयर-टेस्टिंग' (पीओसीटी) डिवाइस तैयार की है। यह डिवाइस केवल 5 मिनट के भीतर किसी भी खाद्य पदार्थ का रियल-टाइम ग्लाइसेमिक इंडेक्स मापकर बता देती है, जिससे मरीजों को अपना डाइट चार्ट चुनना बहुत आसान हो जाएगा।



फास्ट फूड की जाँच और डायबिटीज प्रबंधन की जरूरत

शोधकर्ताओं ने बिस्कुट, चिप्स, क्रैकर्स और ब्रेड जैसे लोकप्रिय फास्ट फूड्स पर इस डिवाइस का परीक्षण किया, जिसमें पाया गया कि क्रैकर्स में सबसे अधिक तेजी से पचने योग्य स्टार्च (RDS) मौजूद होता है जो ब्लड शुगर को अचानक बढ़ा देता है। 'अमेरिकन केमिकल सोसाइटी' के सस्टेनेबल केमिस्ट्री एंड इंजीनियरिंग जर्नल में प्रकाशित इस शोध के अनुसार, आज की कामकाजी



आबादी में जिस तेजी से फास्ट फूड का चलन बढ़ा है, उसे देखते हुए ऐसी पोर्टेबल डिवाइस की सख्त आवश्यकता थी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि गलत जीवनशैली के कारण अब 30 साल से कम उम्र के युवाओं और छोटे बच्चों में भी यह क्रोनिक बीमारी देखने को मिल रही है। चूंकि डायबिटीज की वजह से आगे चलकर दिल के दौरे, मोटापे और मेटाबॉलिक सिंड्रोम का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए इस नई तकनीक की मदद से शुरुआत से ही सही खान-पान चुनकर एक तनावमुक्त और स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है।

नेशनल जूनियर एथलेटिक्स मीट के लिए दुर्ग जिले का चयन ट्रायल कल

भिलाई। आगामी नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक मीट के लिए जिला स्तरीय एथलेटिक दल का चयन 11 अक्टूबर को हायर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-7, भिलाई में सुबह 9:00 बजे से होगा। दुर्ग जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष के. श्रीनिवास ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ी आगे चलकर हैदराबाद में आयोजित होने वाली 'राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक चेम्पियनशीप' में दुर्ग जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस चयन प्रतियोगिता का प्रायोजन 'उत्थान एथलेटिक्स वेलफेयर एसोसिएशन' द्वारा किया जा रहा है। एसोसिएशन की ओर से विजयी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप कुल 55,000 की राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी एथलीटों को निश्चित उपहार भी दिए जाएंगे। साथ ही, खेल भावना को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को तराशने के योगदान को सराहते हुए, इस अवसर पर दुर्ग जिले के 10 उभरते एथलेटिक्स प्रशिक्षकों (कोचों) को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य है, और बिना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के किसी भी खिलाड़ी को इसमें शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह स्पर्धा अंडर-14 और अंडर -16 आयु वर्ग (बालक एवं बालिका) में होगी। अंडर -14 वर्ग के खिलाड़ी ट्रायथलॉन ए (60 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद), ट्रायथलॉन बी (60 मीटर दौड़, लंबी कूद, बैक थ्रो), और ट्रायथलॉन सी (60 मीटर दौड़, लंबी कूद, 600 मीटर दौड़) में हिस्सा लेंगे, जिसमें भाला फेंक अनिवार्य है। वहीं अंडर -16 वर्ग के लिए 60 मीटर दौड़, 80 मीटर हर्डल्स, 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक एवं पेंटाथलॉन (60 मी, 80 मी हर्डल्स, ऊंची कूद, गोला फेंक, 600 मी) स्पर्धाएँ रखी गई हैं। प्रतियोगिता स्थल पर शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों को अपने साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की फोटो कॉपी तथा जन्म प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी लाना अनिवार्य किया गया है।



जशपुर की बेटियों ने अंडर-17 और अंडर-19 वर्गों में जीते स्वर्ण पदक

रायपुर। जशपुर जिले की शासकीय प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास इचकेला की 20 बालिका खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के अंडर-17 और अंडर-19 दोनों आयु वर्गों में सरगुजा जोन को स्वर्ण पदक दिलाकर इतिहास रच दिया है।



सारंगढ़ में 4 से 7 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में कप्तान गायत्री बाई के नेतृत्व में एंजेल लकड़ा, आस्था रानी, आकृति यादव, अमीषा लकड़ा, साक्षी यादव, सुप्रिया मिंज, अनन्या सिदार, अलका रानी कुजूर और आराधना शामिल रहीं। बिलासपुर जोन को हराकर लगातार दूसरे वर्ष स्वर्ण जीता। कोच संतोष कुमार ने प्रशिक्षण दिया। राजनांदगांव में 24 सितंबर 2026 से आयोजित स्पर्धा में वर्षा बाई, संतोषी बाई, जिज्ञासा कुजूर, तुलसिका भगत, पूर्वांशी साहू, रितु भगत, अवीना बाई, झूमर तिर्की, आर्यनसी बेक और अंशिका राज आर्यन ने हिस्सा लिया। टीम ने बिलासपुर, बस्तर सहित अन्य जोन को हराकर स्वर्ण जीता। कोच प्रांशु प्रिया धनसो और संतोष कुमार रहे। छात्रावास अधीक्षिका पंडरी बाई व शंकर ने बताया कि बेटियां 5-6 वर्षों से लगातार अभ्यास कर रही हैं। अनिल श्रीवास्तव, सुगंती कुजूर व रीना का विशेष सहयोग रहा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के गृह जिले की इस उपलब्धि पर कलेक्टर रोहित व्यास ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व छात्रावास प्रबंधन को बधाई दी। जनजातीय व ग्रामीण अंचल की इन बेटियों की दोहरी सफलता ने साबित किया है कि सही मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास से सीमित संसाधनों में भी प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सकता है।



दुबले-पतले हैं तो सही रूटीन से पा सकते हैं हेल्दी और मस्कुलर बॉडी

आज के दौर में जहां एक तरफ लोग बढ़ते वजन और मोटापे से परेशान हैं, वहीं दूसरी तरफ पुरुषों का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो अत्यधिक दुबले-पतलेपन की समस्या से जूझ रहा है। लाख कोशिशों और मनपसंद खान-पान के बावजूद वजन न बढ़ना या मस्कुलर बॉडी न बन पाना कई पुरुषों में हीनभावना और कम आत्मविश्वास का कारण बनने लगता है। अक्सर सही जानकारी और मार्गदर्शन के अभाव में लोग केवल अधिक खाने को ही वजन बढ़ाने का जरिया मान लेते हैं, जबकि वास्तव में मस्कुलर और हेल्दी दिखने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और एक सही फिटनेस रूटीन का पालन करना बेहद जरूरी होता है। यदि आप भी अपने दुबलेपन से परेशान हैं और हर तरह के जतन करके थक चुके हैं, तो सही न्यूट्रिशन और अनुशासन के दम पर अपनी पर्सनालिटी में चमत्कारिक बदलाव ला सकते हैं।

हाई मेटाबॉलिज्म का विज्ञान और वजन बढ़ाने का सही तरीका

ज्यादातर दुबले-पतले पुरुषों का वजन न बढ़ने का मुख्य कारण उनका अत्यधिक तेज मेटाबॉलिज्म होता है। ऐसे पुरुषों



का शरीर खाई गई कैलोरी को बहुत तेजी से ऊर्जा में बदलकर बर्न कर देता है, जिसके कारण मांसपेशियों का विकास रुक जाता है और वजन बढ़ाना बेहद मुश्किल हो जाता है। इस समस्या से निपटने के लिए सबसे पहली शर्त यह है कि आप 'कैलोरी सरप्लस' डाइट अपनाएं, यानी अपनी दैनिक आवश्यकता से अधिक कैलोरी का सेवन करें।

अपनी डाइट में केवल जंक फूड या तली-भुनी चीजें शामिल करने के बजाय प्रोटीन, हेल्दी फैट्स और कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट से भरपूर पौष्टिक खाद्य पदार्थों को शामिल करें जो शरीर को अंदर से मजबूती दें और मांसपेशियों के निर्माण में सीधे मदद करें। वर्कआउट और पर्याप्त नींद का संतुलनअक्सर लोगों के बीच यह गलत धारणा होती है कि जिम या वर्कआउट केवल वजन घटाने वाले मोटे लोगों के लिए ही होता है।

वास्तव में, दुबले पुरुषों को मांसपेशियों का आकार और ताकत बढ़ाने के लिए रोजाना जिम जाकर स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करनी चाहिए। अपने वर्कआउट रूटीन में शोल्डर प्रेस, बेंच प्रेस, स्क्वाट्स और डेडलिफ्ट जैसी कंपाउंड एक्सरसाइज को शामिल करने से शरीर की बड़ी मांसपेशियां सही शेप में आने लगती हैं। हैवी वर्कआउट के तुरंत बाद प्रोटीन और न्यूट्रिशन से भरपूर डाइट लेना बेहद जरूरी है, ताकि मांसपेशियों की रिकवरी हो सके। इसके साथ ही, दुबले पुरुषों के लिए शरीर को पर्याप्त आराम और नींद देना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि वर्कआउट करना। जब शरीर को 7 से 8 घंटे की गहरी नींद और आराम मिलता है, तभी वर्कआउट के दौरान टूटे हुए मसल फाइबर्स तेजी से रिकवर होते हैं और मांसपेशियों का विकास होता है। नियमित वर्कआउट, बैलेंस्ड हैवी डाइट और पर्याप्त नींद का यह कॉम्बिनेशन आपकी बॉडी में मनचाहा बदलाव ला सकता है।



शरीर में हीमोग्लोबिन और खून की कमी से हैं परेशान तो नियमित करें योगासनों का अभ्यास

हमारे मानव शरीर को जीवित और ऊर्जावान बनाए रखने में रक्त यानी खून की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। रक्त फेफड़ों से ऑक्सीजन लेकर शरीर की अरबों कोशिकाओं तक पहुंचाता है और कोशिकाओं से हानिकारक कार्बन डाइऑक्साइड को वापस फेफड़ों तक लाता है। इसके अलावा, भोजन से मिलने वाले सभी आवश्यक पोषक तत्व और विभिन्न हार्मोन भी रक्त के माध्यम से ही अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। हालांकि, खराब खान-पान और पोषण की कमी के कारण आजकल एनीमिया (खून की कमी), हीमोफिलिया, ब्लड क्लॉटिंग (थक्के जमना) और रक्त प्रवाह में रुकावट जैसी कई समस्याएं आम हो चुकी हैं। इन गंभीर विकारों से बचाव के लिए नियमित योगाभ्यास एक बेहद सुरक्षित और प्राकृतिक उपाय है।

रक्त विकारों में प्राणायाम का महत्व और अभ्यास की विधि

योग विशेषज्ञों का मानना है कि विशेष प्राणायामों के नियमित अभ्यास से शरीर में



नई लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण तेज होता है और रक्त परिसंचरण में अभूतपूर्व सुधार आता है। इस दिशा में 'उज्जाई प्राणायाम' बेहद लाभकारी है, जो शरीर में ऑक्सीजन के स्तर को तुरंत बढ़ाता है और पाचन तंत्र को सुचारू करके एनीमिया की समस्या को समाप्त करता है। इसे करने के लिए पद्मासन में बैठकर शरीर को ढीला छोड़ दें और श्वास लेते समय अपना पूरा ध्यान गले पर केंद्रित करें। गले से सांसों के आने-जाने की कल्पना करते हुए 10 से 15 मिनट तक लंबी और गहरी सांसें लेने से थायराइड और खून की कमी दोनों में आराम मिलता है।

दूसरा सबसे प्रभावशाली अभ्यास 'सूर्यभेदी प्राणायाम' है, जो शरीर के भीतर आंतरिक गर्मी और ऊर्जा उत्पन्न करके रक्त संबंधी विकारों को तेजी से दूर करता है। यह प्राणायाम लाल रक्त कोशिकाओं को बनाने में सीधा योगदान देता है और दमा, कफ, हृदय रोग व पाइल्स जैसी बीमारियों में भी राहत दिलाता है। इसे करने के लिए पद्मासन या सुखासन में बैठ जाएं, बाएं हाथ को ज्ञान मुद्रा में घुटने पर रखें और दाएं हाथ की उंगलियों से बाएं नासिका छिद्र को बंद कर लें।



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

कानूनी पचड़े में फंसीं ब्रिटिश सिंगर डीन, गाना कॉपी करने का लगा आरोप

ग्रैमी अवॉर्ड विजेता और मशहूर ब्रिटिश सिंगर ओलिविया डीन



साहित्यिक चोरी (प्लेजिरिज्म) के आरोपों को लेकर कानूनी जांच के दायरे में आ गई हैं। उनके चर्चित गाने 'आई हैव सीन इट' (I've Seen It) पर दिवंगत गायक बिल विथर्स के 1981 के कालजयी गाने 'जस्ट द टू ऑफ अस' (Just the Two of Us) की धुन और सुर चोरी करने का गंभीर आरोप लगा है। मैटी म्यूजिक ग्रुप (जो बिल विथर्स के कैटलॉग के पब्लिशिंग राइट्स का मालिक है) ने कैलिफोर्निया की अदालत में ओलिविया डीन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। अदालत में दाखिल शिकायत के मुताबिक, पब्लिशर का दावा है कि ओलिविया डीन के 2025 के ट्रैक और विथर्स के सुपरहिट गाने के बीच समानताएं इतनी स्पष्ट और व्यापक हैं कि उन्हें महज इत्तेफ़ाक या कोई स्वतंत्र रचना नहीं माना जा सकता। अगस्त 2026 में सामने आई इस शिकायत में पब्लिशर ने बताया कि म्यूजिकोलॉजिस्ट अलेक्जेंडर स्टीवर्ट द्वारा किए गए तकनीकी विश्लेषण में पाया गया कि डीन के गाने में विथर्स के मूल गीत के मुख्य संगीतमय तत्वों और सुरक्षित धुन का काफी बड़ा हिस्सा सीधे तौर पर इस्तेमाल किया गया है। फिलहाल यह मामला अदालत में विचाराधीन है।

टॉलीवुड

'इंडियन 3' का पोस्ट-प्रोडक्शन काम शुरू; फिर लौटेगा 'सेनापति' का खौफ



दिग्गज अभिनेता कमल हासन और प्रख्यात निर्देशक एस. शंकर की बहुचर्चित फिल्म 'इंडियन 3' को लेकर बड़ा आधिकारिक अपडेट सामने आया है। 'इंडियन 2' के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इस फ्रेंचाइजी पर संशय के बादल मंडरा रहे थे, लेकिन मेकर्स ने घोषणा की है कि 'इंडियन 3' अब पूरी तरह पटरी पर आ गई है और इसका पोस्ट-प्रोडक्शन काम शुरू हो चुका है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्टर जारी करते हुए लिखा, ₹सेनापति वापस आ गए हैं, जीरो टॉलरेंस के साथ। इंडियन 3: वॉर मोड में वापसी शुरू।₹ जारी पोस्टर में कमल हासन अलग-अलग रूपों में नजर आ रहे हैं। 'इंडियन 3' की कहानी वास्तव में समय में पीछे जाएगी, जिसमें सेनापति के पिता 'वीरसेकरन बालराम' के दौर की ऐतिहासिक और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी संघर्ष गाथा दिखाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि 1996 में आई मूल फिल्म 'इंडियन' में स्वतंत्रता सेनानी सेनापति द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ छेड़ी गई जंग को राष्ट्रीय पुरस्कार मिले थे। हालाँकि, जुलाई 2024 में रिलीज हुई करीब 250 करोड़ के बजट वाली 'इंडियन 2' बॉक्स ऑफिस पर महज 150 करोड़ की ही कमाई कर सकी थी। इसके बावजूद निर्माताओं ने फ्रेंचाइजी को जारी रखते हुए 'इंडियन 3' को बड़े पैमाने पर पेश करने का फैसला किया है। फिल्म में सिद्धार्थ, काजल अग्रवाल, प्रिया भवानी शंकर और एस.जे. सूर्या भी वापसी करेंगे, जबकि संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है।

छॉलीवुड

छत्तीसगढ़ी फिल्म 'भेद' में अर्जुदा की माटी और लोकरंग की खास झलक

छत्तीसगढ़ी सिनेमा के दर्शकों के लिए सस्पेंस, रोमांच और सामाजिक संदेश से भरपूर फिल्म 'भेद' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। पुनर्जन्म की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सस्पेंस थ्रिलर फिल्म दर्शकों को अंत तक कहानी से जोड़े रखने का प्रयास करती है। फिल्म को दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रहीं है और इसे देखने वाले दर्शक फिल्म की कहानी एवं प्रस्तुति को पसंद कर रहे हैं।



फिल्म के प्रमोशन को लेकर चंद्रा टॉकिज में फिल्म की प्रोडक्शन टीम व कलाकारों ने मुलाकात की। इस दौरान बताया गया कि फिल्म 'भेद' की एक विशेषता यह है कि इसकी लगभग 90 प्रतिशत शूटिंग लोकरंग अर्जुदा गांव की माटी में की गई है। इस कारण फिल्म में अर्जुदा की स्थानीय पहचान, परिवेश और छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक भी देखने को मिलती है। फिल्म का निर्देशन अर्जुदा टिकरी निवासी विवेक कमलेकर ने किया है। वे इससे पूर्व नृत्य निर्देशक एवं सह-निर्देशक के रूप में कार्य कर चुके हैं। फिल्म के निर्माता सत्येंद्र यादव हैं। फिल्म का निर्माण सुदर्शन स्टूडियो के बैनर तले किया गया है, जिसमें कार्यकारिणी संस्था इंद्रावती एंटरटेनमेंट का सहयोग रहा है। फिल्म के प्रमुख कलाकारों में मन कुरैशी, राया डोंगरिया,रेशमा जैन, हर्ष वर्धन, साहिल दास, उपासना वैष्णव, पुष्पेंद्र सिंह आदि कलाकार मुख्य भूमिका में है।

फिल्म निर्माण में लोकरंग अर्जुदा का विशेष योगदान रहा। लोकरंग अर्जुद्रा के संस्थापक एवं निर्देशक स्वर्गीय दीपक चंद्राकर के सुपुत्र आनंद चंद्राकर ने फिल्म की शूटिंग के लिए लोकरंग परिसर को उपलब्ध कराते हुए निर्माण टीम को महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। फिल्म के संगीत निर्देशक अमीर एस. रजा हैं. जो भिलाई-चरोदा के न ₹वासी हैं।

डार्क फैशन



यह तस्वीर एक हाई-फैशन रनवे शो की है, जहाँ मॉडल ने कंट्रास्टिंग कलर-ब्लॉकिंग और कलात्मक जियोमेट्रिक टेलरिंग वाली ऑट-कुटूर शैली की बेहद आकर्षक पोशाक में रैंप वॉक किया। इस पूरे लुक में ज्यामितीय पैटर्न वाली एक स्ट्रक्चर्ड जैकेट शामिल है, जिसमें लाल, हरे, नीले, पीले और बैंगनी (पर्पल) रंगों के पैचवर्क फैब्रिक का बखूबी इस्तेमाल किया गया है। जैकेट के साथ लाल रंग का हाई-नेक टर्टलनेक टॉप और गहरे पर्पल रंग की प्लीटेड मिड-लेंथ फ्लेयर्ड स्कर्ट का संयोजन है, जो लुक को एक मॉडर्न और एलिगेंट वाइब देता है। कमर पर बंधा चौड़ा बैंगनी लेदर बेल्ट बॉडी को बेहतरीन शेप प्रदान करता है, वहीं लाल रंग के चमकीले एंकल बूट्स स्टाइल को और अधिक निखारते हैं। मल्टीकलर पैचवर्क जैकेट, पर्पल स्कर्ट और रेड बूट्स का यह अनोखा कॉम्बिनेशन एब्सट्रैक्ट फैशन को दर्शाते हुए मॉडल के लुक को बोल्ड, परिपूर्ण और आत्मविश्वासी बनाता है।

आधुनिक शैली का नया मंत्र जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग, पाएं स्टाइलिश और मिनिमल लुक

आप जब भी बाहर निकलते होंगे तो ड्रेसिंग से आपको भी यही चाहिए होता होगा। है न...यही सब कुछ महिलाओं को अपने फैशन स्टाइल से भी चाहिए होता है। लेकिन बात ऐसे फैशन की हो जो न सिर्फ पुरुषों के लिए हो और न ही सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि ये तो ऐसा फैशन हो जो जेंडर न्यूट्रल हो। तो क्या होगा...तो भी आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। पक्की बात है, मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद।





जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो चलिए खास टिप्स जान लीजिए-



.सफेद शर्ट सबकी फेवरेट

सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और अच्छी भी सभी पर लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन खोले भी जा सकते हैं।

जेंडर न्यूट्रल एसेसरीज

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते हैं। इनमें सस्पेंडर, बेसबॉल कैप, स्कार्फ, बेल्ट, जैकेट के लिए पिन, टाई और सनग्लासेस शामिल हैं।

ब्लेजर हैं बेस्ट

ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा। कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी।

काले नाखूनों की समस्या से राहत पाने जानिए आसान से घरेलू उपाय

अगर आपक परा क नाखून काल हा गए ह, तो आप उन्हें कुछ चीजों का इस्तेमाल करके घर पर ही साफ कर सकते हैं। भले ही लोग कितना भी अच्छे से तैयार हो जाएं, लेकिन अगर उनके पैर अच्छे नहीं दिख रहे, तो उनका पूरा लुक खराब हो सकता है। दरअसल, अक्सर देखा जाता है कि लोग अपने चेहरे के साथ-साथ हाथों का भी काफी ध्यान रखते हैं। इसके लिए मेनीक्योर भी कराते हैं, ताकि हाथ और हाथों के नाखून खूबसूरत दिखें लेकिन पैरों का ध्यान किसी को नहीं रहता। यही वजह है कि पैरों में गंदगी जमने लगती है। जब ये गंदगी ज्यादा जम जाती है तो पैरों के नाखून काले पड़ने लगते हैं। ऐसे में जब आप कहीं तैयार होने के बाद हील्स पहनते हैं तो आपके नाखून आपके पैरों की खूबसूरती बिगाड़ देते हैं, जिसकी वजह से शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। आप चाहें तो पार्लर जाकर पेडिक्योर करा सकते हैं, नहीं तो घर पर ही कुछ चीजों का इस्तेमाल करके नाखूनों की गंदगी को साफ कर सकते हैं। आज के लेख में हम आपको घर पर ही नाखून साफ करने के तरीके बताने जा रहे हैं।



बेकिंग सोडा

इसमें पाए जाने वाले तत्व आपके पैरों की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। नाखूनों को सफेद करने के लिए आपको बस बेकिंग सोडे को गर्म पानी में मिलाकर इसका पेस्ट नाखूनों पर लगाना है। लगाने के कुछ देर बाद इसे अच्छे से धो लें। कुछ दिन में आपको इसका असर दिखने लगेगा।

टूथपेस्ट

दांतों की सफाई के साथ-साथ टूथपेस्ट पैरों के नाखूनों की सफाई का काम भी करता है। इसक इस्तमाल क लए आप साधा पस्ट का अपने नाखूनों पर लगाएं और कुछ समय बाद इसे धो दें।

संतरे का रस

संतरा खाने में काफी स्वादिष्ट होता है। ये शरीर में विटामिन सी की कमी को पूरा करता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस संतरे के रस में अंडे के सफेद भाग को मिलाकर नाखूनों पर लगाना है। ये नाखूनों को साफ करने के साथ-साथ उन्हें मजबूती देता है।

बेसन और नींबू

नाखूनों को साफ करने के लिए नींबू के रस में थोड़ा सा बेसन मिलाएं। अब इस पेस्ट को अपने नाखूनों पर लगाएं।

जैतून का तेल

इस तेल की मदद से आप नाखूनों पर जमा मैल हटा सकते हैं। ये नाखूनों को मुलायम बनाने के साथ इनमें जमे बैक्टिरिया को खत्म करने में मदद करेगा। अगर आप नाखूनों को हमेशा साफ रखना चाहते हैं तो हमेशा नाखूनों को साफ करने की कोशिश करें।

विटामिन ई कैप्सूल का कीजिए सुरक्षित प्रयोग, चमकेगी त्वचा

खूबसूरत त्वचा पाने के लिए महिलाएं कई उपाय करती हैं और इन उपायों में विटामिन ई का कैप्सूल भी है। विटामिन ई का कैप्सूल में कई सारे गुण होते हैं और साथ ही इसका सही तरह से इस्तेमाल करने से स्किन से जुड़ी समस्या भी कम होती हैं।

फेस पर न करें डायरेक्ट इस्तेमाल

जहां विटामिन ई कैप्सूल कई सारे गुणों से भरपूर हैं और ये सभी गुण चेहरे के लिए फायदेमंद है तो वहीं अगर आप इसे डायरेक्ट फेस पर अप्लाई करती हैं तो स्किन को नुकसान हो सकता है। इसी के साथ स्किन जुड़ी समस्या भी पैदा हो सकती है।

मात्रा का रखें खास ध्यान

कई बार ऐसा होता है जब आपकी अधिक मात्रा में इस्तेमाल करती हैं। लेकिन, ऐसा करने से भी स्किन को नुकसान हो सकता है। इसका अधिक इस्तेमाल करने से जहां त्वचा की रोनक कम हो सकती हैं तो साथ ही स्किन से



जुड़ी समस्य भी शुरू हो सकती है।

धूप में जाने से बचें

विटामिन ई कैप्सूल का पूरा फायदा आपकी स्किन को मिले इसके लिए आप लगाने के दौरान धूप में जाने से बचें। अगर आप इस प्लाई करने के बाद धूप में जाती हैं तो स्किन को नुकसान हो सकता है।

कच्चा दूध देगा त्वचा को चिर-युवा चमक और निखार, दिखेगी रौनक

उम्र के साथ त्वचा में कई तरह के बदलाव होते रहते हैं। वहीं उम्र चाहे कितनी भी हो, रोजाना त्वचा का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको मार्केट में कई स्किन केयर प्रोडक्ट्स भी आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन लगभग सभी प्रोडक्ट्स में कई प्रकार के केमिकल मौजूद होते हैं जो त्वचा की चमक को फीका बना सकते हैं। त्वचा की देखभाल करने के लिए आप कच्चे दूध का इस्तेमाल चेहरे पर कर सकती हैं। तो चलिए जानते हैं कैसे करें जवां और खूबसूरत त्वचा पाने के लिए कच्चे दूध का इस्तेमाल और जानेंगे इसके त्वचा को मिलने वाले फायदे।

कच्चे दूध को चेहरे पर लगाने के फायदे

कच्चे दूध में विटामिन-ए होता है जो त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है। यह त्वचा को नमी देने का काम भी करता है जिसके कारण त्वचा मॉइस्चराइज नजर आती है।

शहद को चेहरे पर लगाने के फायदे

त्वचा में मौजूद पोर्स की सफाई करने से लेकर स्किन को मॉइस्चराइज करने का काम करता है। त्वचा को नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए शहद बेहद फायदेमंद होता है। यह स्किन टेक्सचर को सुधारने के काम भी आता है।



जवां त्वचा पाने के लिए क्या करें?

जवां त्वचा पाने के लिए सबसे सबसे पहले एक बाउल में करीब 2 चम्मच शहद के साथ 2 से 3 चम्मच कच्चे दूध की मिलाएं। इन दोनों को अच्छी तरह से मिलाकर चेहरे की त्वचा पर लगा लें। इस फेस पैक को ब्रश की मदद से अपने चेहरे पर लगाएं। कम से कम 15 से 20 मिनट तक इसे लगा रहने दें। ध्यान रहें कि आप इस फेस पैक को आंखों से दूर रखें। साफ पानी और कॉटन की मदद से चेहरे को अच्छी तरह से धो लें।

कार्नर न्यूज

जानिए घुंघराले बालों के देखभाल के आसान तरीके

घुंघराले बालों को लेकर जेन-ज़ी की छा गई दीवानगी, बिना उपकरणों के पा सकते हैं प्राकृतिक कर्ली लुक

बालों के स्टाइल को लेकर आप बहुत सतर्क रहते हैं। आपको बालों में हमेशा कुछ नया करते रहने का भी शौक है तो कभी न कभी आपको कर्ली हेयर लुक रखने का मन भी किया होगा। आज की नई पीढ़ी यानि जेन-जी में कर्ली हेयर लुक को लेकर दीवानगी देखी जा रही है। अगर ऐसा है और आपके बाल कर्ली नहीं हैं तो भी आपकी ख्वाहिश पूरी हो सकती है। आपको इसके लिए कुछ बेहद छोटे-छोटे टिप्स याद रखने हैं ताकि आपको नेचुरल कर्ली हेयर लुक मिल सके। क्या करना होगा आपको, जानते हैं-

रोज-रोज नो हेयर वॉश

आपको ये पता होना चाहिए की आप जितना ज्यादा बाल धोएंगे, बालों के कर्ल होने की संभावना भी कम होती जाएगी। बालों में मौजूद नेचुरल ऑयल के साथ बालों को हेल्थी रखते हैं। नेचुरल ऑयल के साथ बाल आपस में कुछ इस तरह से जुड़ जाते हैं कि कर्ल अपने आप ही दिखने लगते हैं। इसलिए शैंपू भी सिलीकॉन और सल्फेट वाला नहीं इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि ये बालों की नामी और ऑयल छीन लेते हैं।



कितने कर्ल कितनी बार वॉश

अलग-अलग तरह के कर्ल के लिए बाल धोने की संख्या भी बदल जाती है। ढीले कर्ल्स के लिए हफ्ते में 2 से 3 बार बाल धोए जा सकते हैं। टाइट रिंग्स के लिए हफ्ते में एक बार बाल धोएं और एक बार सिर्फ कंडिशनर कर लें।

बड़े दांत वाला कंघा

अपने बालों में कर्ल्स जल्द से जल्द देखने हैं तो आपको ब्रश करने की बजाए बड़े दांत वाले कंघे का इस्तेमाल करना होगा।ब्रश करने से बालों के कर्ल्स खुल सकते हैं।

बालों को खुद सूखने दें

बालों को नेचुरली सूखने देना इनमें कर्ल्स बने रहने देने का सबसे आसान तरीका है। इसलिए बालों को हेयर ड्रायर से ना सुखाएं। प्राकृतिक घुंघराले बालों के लिए आप माइल्ड या सल्फेट-फ्री शैंपू का इस्तेमाल करें, नियमित रूप से कंडीशन करें और मॉइस्चराइजिंग तेल जैसे बादाम, नारियल या आर्गन तेल का उपयोग करें। बालों को स्वस्थ और परिभाषित रखने के लिए, कर्ल बढ़ाने वाले उत्पाद जैसे कि मूस का उपयोग करें और बालों को हवा में सूखने दें या कर्लर का उपयोग करने से बचें। स्टाइलिंग के लिए, आप ₹हाफ-अप, हाफ-डाउन₹ जैसी स्टाइल अपना सकते हैं या कर्ली अंडरकट लुक के साथ अपने कर्ल्स को स्टाइल कर सकते हैं।

शैम्पू और कंडीशन

घुंघराले बालों को हाइड्रेट रखने के लिए माइल्ड या सल्फेट-फ्री, हाइड्रेटिंग शैंपू का उपयोग करें। घुंघराले बालों को अक्सर शैम्पू करने की ज़रूरत नहीं होती है और कंडीशनर को अधिक बार इस्तेमाल करें।



बालों को धोना

शैम्पू और कंडीशन करने के बाद, बालों को धीरे-धीरे स्क्वीज़ करें और मूस या कर्ल क्रीम लगाएं। बालों को हवा में सूखने दें या डिफ्यूज़र के साथ कम हीट सेटिंग पर सुखाएं। अगर आपके बाल बहुत उलझे हुए हैं, तो आप केराटिन ट्रीटमेंट या कर्ल-एन्हांसिंग शैम्पू और कंडीशनर का उपयोग कर सकते हैं। बालों में प्राकृतिक तेलों का उपयोग करें, जैसे कि बादाम, आर्गन, नारियल या जैतून का तेल। आप रात भर डीप कंडीशनिंग हेयर मास्क भी लगा सकते हैं।